हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–155 : जौनपुर, सोमवार 08 अगस्त 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी को तीन दिन के अंदर बम से उड़ाने की धमकी : आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। यह धमकी पुलिस कंट्रोल रूम 112 के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर भेजे गए संदेश के जरिए दी गई। जानकारी होने पर ऑपरेशन कमांडर सुशांत गोल्फ सिटी थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।प्रभारी निरीक्षक सुशांत गोल्फ सिटी शैलेंद्र गिरी के मुताबिक यूपी 112 मुख्यालय में ऑपरेशन कमांडर के पद पर तैनात सुभाष कुमार ने तहरीर दी जिसमें आरोप लगाया कि यूपी 112 मुख्यालय के व्हाट्सएप नंबर पर एक मैसेज आया जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस की कई टीमें लगाई गई हैं। प्रभारी निरीक्षक सुशांत गोल्फ सिटी शैलेंद्र गिरी के मुताबिक दो अगस्त की शाम आपरेशन कमांडर के मुताबिक वह आफिस में थे।इस बीच यूपी 112 के सोशल मीडिया के वाट्सएप नंबर पर एक नंबर से शाहिद खान नामक युवक द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को तीन दिन के अंदर बम से उड़ाने की धमकी दी गई। आपरेशन कमांडर ने इसकी जानकारी संप्रेक्षण अधिकारी अंकिता दुबे को दी। इसके बाद



उच्चाधिकारियों को जानकारी देकर तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया।आपरेशन कमांडर द्वारा वाट्सएप पर दी गई धमकी के मैसेज का स्क्रीन शाट भी मुहैया करा दिया गया है। सर्विलांस और साइबर सेल समेत पुलिस की कई टीमें नंबर के बारे में जानकारी जुटा रही हैं। उसकी लोकेशन आदि ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही धमकी देने वाले व्यक्ति की गिरफ्तारी की जाएगी।

## लायंस क्लब क्षितिज ने मनाया भव्य हरियाली तीज महोत्सव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लायंस क्लब क्षितिज द्वारा हरियाली तीज के अवसर पर भव्य तीज महोत्सव व फ्रेंडशिप डे का आयोजन शहर के एक बैंक्विट हाल में किया गया, जिसमें सभी लायन सदस्यों ने सपरिवार शिरकत कर तीज महोत्सव व फ्रेंडशिप डे का आनंद लिया। हरियाली तीज कार्यक्रम की अध्यक्षता फर्स्ट लायन लेडी सीमा सहाय जी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सचिव शिल्की श्रीवास्तव ने कैट–वॉक का प्रस्तुतिकरण किया। उसके बाद सभी उपस्थित महिलाओं ने कैट–वॉक, मेंहदी कम्पटीशन व श्रृंगार और परिधान प्रतियोगिता, क्विज कॉन्टेस्ट आदि मे भाग लिया। उसके पश्चात वर्तमान वर्ष में संस्था से जुड़े नए सदस्यों का परिचय संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह रानू द्वारा कराया गया। इस अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव पर्व को भव्य बनाने के लिए कई कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। जिसमें ब्लड डोनेशन, प्रभात फेरी व तिरंगा यात्रा इत्यादि पर विचार किया गया। तीज महोत्सव के अंत में प्रतिभाग किये लोगो को अवार्ड दिए गए। जिसमे बेस्ट मेहंदी के लिए डॉ. प्रिया सिंह, डॉ. आकांक्षा द्विवेदी ,शिल्पी जायसवाल को व




बेस्ट कैटवॉक के लिए मेघना रस्तोगी, डॉ. प्रिया सिंह ,रेखा सिंह व तीज क्वीन के लिए डॉ प्रिया सिंह ,आकांक्षा द्विवेदी, रिंकी श्रीवास्तव को पुरस्कृत किया गया। उसके बाद अध्यक्ष सीमा सहाय द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं को सुहाग का समान वितरित किया गया कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजक आराधना सिंह द्वारा सभी लोगों को धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर यवनिका सिंह, पूनम जायसवाल, सरिता मिगलानी, चेतना साहू, सुषमा सोनकर, डॉली गुप्ता, सुधा बैंकर, नीलम जयसवाल, किरन सेठ, मीना गुप्ता ,ज्योति जयसवाल, बबीता जयसवाल, नीतू गुप्ता, रितु त्रिपाठी, जूही सिंह, निशा कनौजिया, दीपशिखा चौरसिया ,चांदनी साहू, अंशु श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहीं।

## पूर्व विधायक गोरख पासवान को तीन महीने की सजा : 10 साल पहले ट्रेन रोकने पर हुआ था केस

वाराणसी ब्यूरो : की एसीजेएमध एमपी एमएलए कोर्ट ने 10 साल पुराने मामले में पूर्व विधायक गोरख पासवान को तीन महीने की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने साढ़े चार हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने बलिया जिले की बेल्थरारोड विधानसभा के पूर्व विधायक गोरख पासवान को इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन रोकने के मामले में दोषी पाया।लोक अभियोजन अधिकारी केके मिश्रा के अनुसार आरपीएफ मऊ के एसआई डीके शर्मा ने चार अप्रैल 2012 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि सपा विधायक गोरख पासवान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने वाराणसी–गोरखपुर रेल प्रखंड पर बनकरा गांव के पास रेल फाटक बनाने की मांग को लेकर इंटरसिटी एक्सप्रेस को 18 मिनट तक रोक कर रखा था। बाद में रेल यातायात सुचारु रूप से चालू हुआ। इसके बाद परिचालक के शिकायत पर एसआई ने सपा विधायक गोरख पासवान तथा कई अन्य लोगों के खिलाफ रेल अधिनियम की धारा 145, 146, 147 व 174 सी के तहत



परिवाद दर्ज किया गया। कोर्ट में मौजूद एसआई संजय कुमार मिश्रा के मुताबिक बेल्थरारोड से सपा विधायक गोरख पासवान समेत सात लोगों के खिलाफ रेल परिचालन को अनाधिकृत रूप से बाधित करने का आरोप था।एसीजेएमध्एमपी एमएलए कोर्ट में छह गवाह पेश किए गए। कोर्ट ने आरोपी पूर्व विधायक को दोषी पाते हुए सोमवार को सजा सुनाई। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के पहले गोरख पासवान भाजपा में शामिल हुए थे।

## संगत पंगत के पदाधिकारी मंत्री के साथ वृक्षारोपण करते हुए

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तिरंगा भारत की आन बान शान है आजादी के बाद पहली बार अब देश का हर नागरिक अपने घर पर तिरंगा फहरा सकेगा उक्त विचार प्रदेश सरकार के मंत्री गिरीश चन्द यादव द्वारा सामाजिक संगठन संगत पंगत जौनपुर द्वारा रविवार को आयोजित बड़े हनुमानजी मंदिर सिपाह पर महादेव मंदिर में महारुद्राभिषेक,तिरंगा वितरण व वृहद वृक्षारोपण,भजन, कजरी महोत्सव सावनी भोज कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की आज जो तिरंगा लोग अपने घर लगाने जा रहे है वो मोदी सरकार व गृहमंत्री अमित शाह जी की वजह से हुआ है । अंग्रेजों के काले कानून के कारण लोग अपने ही देश में अपने घर तिरंगा नहीं फरहा पाते है अब हिंदुस्तान का हर नागरिक अपने घर पर तिरंगा झंडा फहराने जा रहा है ।देश में पहली बार एक राष्ट्रहित उत्सव का माहौल तैयार हुआ है।उसके पूर्व मंत्री ने वृहद वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया और उपस्थित महिलाओं पुरुषों को तिरंगा वितरण किया और कहां की संगत पंगत संगठन ने राष्ट्रहित में कदम से कदम मिलाकर एक अच्छा कार्य किया है। वृक्षारोपण, कजरी सावनी भोज जैसे का आयोजन कर देश की संस्कृति को भी जगाने का काम किया है।विशिष्ट अतिथि डी एफ ओ प्रवीण खरे ने कहा कि वृक्षारोपण करना एक पुनीत कार्य है सरकार के मंशा के अनुरूप वृहद वृक्षारोपण लगातार किया जा रहा है।संरक्षक व कार्यक्रम संयोजक शशि श्रीवास्तव व वृक्षारोपण प्रभारी राकेश श्रीवास्तव अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने मंत्री का माल्यापर्ण कर स्वागत किया ।एवं संरक्षक आनंद मोहन श्रीवास्तव व संरक्षक सरस चन्द श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिवक्ता ने स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने किया। संचालन करते हुए राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने कहा कि संगत पंगत के संस्थापक आर के सिन्हा पूर्व राज्यसभा सांसद के आह्वान पर पूरे देश में संगत पंगत तिरंगा वितरण कार्यक्रम कर रहा है। कार्यक्रम में पंकज



सिन्हा व कजरी महोत्सव प्रभारी डॉ ज्योति दास व शैली गगन ने अपने स्वर से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया ।कार्यक्रम में जिला महामंत्री भाजपा ई अमित श्रीवास्तव व नगर अध्यक्ष भाजपा अमित श्रीवास्तव ने भी तिरंगा कार्यक्रम पर अपना विचार व्यक्त किया। स्वागत प्रभारी विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार व अंकित श्रीवास्तव पत्रकार ने मंत्री जी को भोले दरबार की फोटो देकर स्वागत किया ।कार्यक्रम में मार्गदर्शन संरक्षक मंडल के सदस्य आनंद मोहन श्रीवास्तव , सरस चंद श्रीवास्तव , बजरंग प्रसाद श्रीवास्तव , सुनील अस्थाना , प्रदीप श्रीवास्तव, स्वामी विवेकानंद ,रघुवंश सहाय ,संजय श्रीवास्तव , श्याम रतन श्रीवास्तव,डॉ नीलेश श्रीवास्तव , डॉ एन के सिन्हा, डॉ विवेक श्रीवास्तव , रवि कांत श्रीवास्तव,आशुतोष श्रीवास्तव ,राजकपूर श्रीवास्तव,प्रशांत पंकज श्रीवास्तव, भाजपा नेता मनीष श्रीवास्तव बच्चा, शशि भूषण श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव ,देवानंद श्रीवास्तव वैभव श्रीवास्तव ,नीरज श्रीवास्तव ,जे पी श्रीवास्तव, संतोष निगम ,कुँवर अस्थाना अरविंद श्रीवास्तव ,राजू श्रीवास्तव ,आतिश श्रीवास्तव ,राजेश किशोर श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव सुलभ श्रीवास्तव ,अमित श्रीवास्तव ,अनुपम श्रीवास्तव, अनीश श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, अनीश श्रीवास्तव, अर्पित श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव , डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव ,खुशबू श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव , रोशन श्रीवास्तव, त्रिभुवन श्रीवास्तव ,रत्नेश श्रीवास्तव गौरव श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, देवांश श्रीवास्तव सूर्यांश श्रीवास्तव श्रीयन्स श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव ,सक्षम श्रीवास्तव, गिरीश श्रीवास्तव ,ओम श्रीवास्तव, सुबाष श्रीवास्तव ,अनूप श्रीवास्तव ,अभी श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, आदि सैकड़ों चित्रांश बंधु मौजूद रहे।

## मन में प्रेम बढ़ाएगा सेल्फी प्वाइंटःजागृत होगी देशभक्ति की भावना

हरदोई,(अंबरीश कुमार सक्सेना) केसरिया दर्शाए वीरों की बलिदानी, श्वेत कहे भारतीयों की सत्य जुबानी, हरा सुनाए हरियाली–खुशहाली, नीलचक्र न्याय धर्म की अपूर्व निशानी...। पिहानी कस्बे के जूनियर हाई स्कूल के पास नगर पालिका परिषद की ओर से बनवाए गए सेल्फी प्वाइंट का लोकार्पण विधायक श्याम प्रकाश व नगर पालिका अध्यक्ष जमाल साजिद चांद ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान विधायक श्याम प्रकाश ,चेयरमैन जमाल साजिद चांद अधिशासी अधिकारी अहिवरन लाल, रमाकांत सक्सेना, कृष्ण गोपाल अवस्थी ,अशोक कुमार , समाजसेवी धीरज गुप्ता,राजीव गुप्ता ,विमलेश तिवारी, मुन्नू शर्मा, विधायक प्रतिनिधि धर्मेश मिश्रा समेत कई सभासदों ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 13अगस्त से 17 अगस्त तक सभी घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए अपील की है। सेल्फी प्वाइंट पर लोग हाथ में तिरंगा लहराते फोटो



खीचें और इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर देशभक्ति की अलख जगाई। इस मौके पर विधायक श्याम प्रकाश ने कहा कि कस्बे मे सेल्फी प्वाइंट बनने से कस्बे की सुंदरता बड़ी है। वहीं दूसरी ओर स्वतंत्र भारत में हर घर तिरंगा फहराने का कार्य पहली बार हो रहा है, आजादी का अमृत महोत्सव मनाने का यह सराहनीय कार्य है। पहले तिरंगे की अवमानना का डर रहता था, अब प्रत्येक व्यक्ति राष्ट्र ध्वज के प्रति अपनी श्रद्धा, सम्मान और देश भक्ति की भावना प्रकट कर सकेगा।

### डायट जौनपुर में डीएलएड प्रशिक्षुओ ने अमृत महोत्सव कार्यक्रम का किया भव्य आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज आजादी के अमृत महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर में प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा "बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट" के तहत हस्तनिर्मित वस्तुओं का निर्माण व प्रदर्शन किया गया नई शिक्षा नीति 2020 का अनुपालन करते हुए प्रशिक्षुओं ने अपने आसपास में उपस्थित अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग करते हुए कई सामग्रियों का निर्माण किया जैसे टेबल लैंप, बेडसाइड लैंप, फव्वारा, कृतिम पौधे, टायर के फर्नीचर, व शोकेस इत्यादि अनेक वस्तुओं का निर्माण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, प्रशिक्षु के एक ग्रुप ने गांधी जी का आश्रम बनाकर उनके सरल रहन–सहन तथा पहनावे आदि के बारे में बताया स इसी क्रम में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया स जिसमें सभी प्रशिक्षुओं ने आजादी के अमृत महोत्सव से संबंधित एक से बढ़कर एक पोस्टर का निर्माण किया स इस अवसर पर डायट प्राचार्य डॉ. सच्चिदानंद जी ने प्रशिक्षुओं के कार्यों व मेहनत की सराहना की और आगे भी ऐसे कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किए स इसी क्रम में वरिष्ठ प्रवक्ता श्री मनीष कुमार सिंह जी ने गांधी जी के कार्यो को आजादी के अमृत महोत्सव से जोड़ते हुए विस्तार से बताए स इसी



क्रम में प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. रवीन्द्र नाथ यादव जी ने प्रशिक्षुओं को प्रेरित करते हुए देशभक्ति की भावना जागृत करने की अपील की ।इस अवसर पर प्रवक्ता श्रीमती मंजूलता यादव, श्री मिथिलेश कुमार, डॉ अश्वनी पाण्डेय, श्री नवीन सिंह, श्री विनय कुमार यादव, श्री वरुण कुमार यादव, श्री धर्मेन्द्र कुमार ,श्री अमित यादव, श्रीमती किरन त्रिपाठी, डॉ.सोनू भारती, श्री अखिलेश मौर्य, श्री दुर्गेश चंद यादव, श्री नीरज मणि तिवारी, श्री राजकुमार, श्री उदय नारायण सिंह यादव, ह्यूमाना से डॉ. चंद्रशेखर, श्री मनोज कुमार सिंह,श्री आशुतोष सिंह, सुश्री निकिता जैन, श्री अनुराग सिंह आदि के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में भाग लिया स जिससे पूरा डायट परिसर राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया स कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता श्री धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, श्रीमती किरन त्रिपाठी ने किया ।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## नवमी और दशमी जुलूस को परंपरागत तरीके से मनाएं– एसएसपी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मुहर्रम के पवित्र त्योहार को भाईचारे और मिल्लत के साथ मनाने को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ा है इसको लेकर जिले भर में सुरक्षा व्यवस्था के तगड़े इंतजाम किये गये है वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने बताया कि सोमवार को नवमी व मंगलवार को दसवीं मोहर्रम को जुलूस परंपरागत तरीके से निकाले जाने के लिए सभी रूटों को प्रशासन के साथ



देख लिया गया है पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीमें जलूस पर अपनी नजर बनाए रखेंगे अगर जुलूस में किसी प्रकार कोई खलल डालने की कोशिश करेगा तो पुलिस उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का कार्य तत्काल करेगी।शहर में तजिया निकलने के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रखेगी और हुड़दंगियो पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी एसएसपी ने कहा कि सभी ताजियादारों को समय से ताजिया निकाले जाने की जरूरत है त्योहार आपसी प्यार व सौहार्द लेकर आते हैं सभी वर्ग के लोगों को एक–दूसरे के त्योहारों को भाईचारे और सम्मान के साथ मनाना चाहिए इसलिए त्योहारों के मौके पर सभी का सहयोग जरूरी है। एसएसपी ने हिदायत दी कि यदि त्योहार के समय कोई व्यक्ति माहौल बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्ती से निबटा जायेगा इसके अलावा उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि यदि उन्हें कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को देवे। शहर में सभी धर्मों एवं सम्प्रदायों के पर्वों एवं उत्सवों को एक साथ मिलजुल कर मनाने की परंपरा रही है समाज के सभी वर्गों के लोगों को शहर की गरिमा के अनुरूप मुहर्रम के पर्व को आपसी भाई चारे एवं सामाजिक सद्भावना के साथ मनायें। पुरानी परंपरा के अनुरूप ताजिए के जुलूस निकालें जुलूस में किसी प्रकार का अस्त्र–शस्त्र प्रयोग नहीं किया जाएगा कोई नई परंपरा नहीं लागू की जाएगी।

## राम मनोहर लोहिया अस्पताल में गरीबों को खाना वितरण किया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जश्ने आजादी ट्रस्ट ने वृक्ष एवं राम मनोहर लोहिया अस्पताल में गरीबों को खाना वितरण किया गया और देश की स्वतंत्रता पर विचार रखा गया। जिसमें अध्यक्ष निगत खान , मुरली धर आहूजा वामिन खान, संजय सिंह ,विकास, जुबेर आदि जश्ने आजादी



के परिवार के सभी सदस्यों ने मिलकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कृष्ण दत्त मिश्र योग गुरु ने इस कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर लिया। योगाचार्य कृष्णदत्त मिश्रा ने कहा कि सभी से संपर्क में रहा आगे जो भी कार्य हम सभी को मिलेंगे हम उसे पूरा करेंगे और घर घर तिरंगा भी पहुंचाएंगे।

# सम्पादकीय

## भारत की खेलों में दशा 'नौ दिन चले अढ़ाई कोस' वाली : कैसे सुधरेगी स्थिति

देश को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त हुए 75 साल हो गए हैं। इन दिनों देश आजादी के अमृत महोत्सव के जश्न में डूबा हुआ है। 75 साल की इस यात्रा को पीछे मुड़कर देखें तो कई क्षेत्रों में भारत ने अभूतपूर्व तरक्की की है। फिर भी कई सेक्टर्स ऐसे हैं, जहां आज भी हम दुनिया के कई देशों से मीलों पीछे हैं। खेल उन्हीं में से एक है। 130 करोड़ की विशाल आबादी वाले भारत की खेलों में दशा 'नौ दिन चले अढ़ाई कोस' वाली है। कारण, खेलों को लेकर आज भी उचित वातावरण देश में बन नहीं पाया है, जिसके चलते समाज में बहुत बड़े तबके की रुचि बच्चों को खेलों में भेजने की नहीं है। हालांकि, विगत दो–तीन दशकों में कुछ परिवर्तन देखने को मिला है।

दुनिया में ओलंपिक खेलों का महाकुंभ है। 35 खेलों को ओलंपिक में शामिल किया गया है। ओलंपिक में भारत की 75 वर्ष की यात्रा देखें तो हमने अब तक 7 गोल्ड, 7 सिल्वर और 16 कांस्य पदक जीते हैं। 7 में 5 बार गोल्ड तो भारतीय हॉकी टीम लाई है, जिसकी आज देश में क्या दुर्दशा है? यह जगजाहिर है।

व्यक्तिगत स्पर्धा में पहली बार बीजिंग ओलंपिक– 2008 में 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग में अभिनव बिंद्रा ने देश के लिए गोल्ड जीता था। व्यक्तिगत स्पर्धा में दूसरा गोल्ड टोक्यो ओलंपिक– 2020 में नीरज चोपड़ा ने जेवलिन थ्रो में जीता। नीरज तो एथलेटिक्स में देश के लिए पहली बार गोल्ड लेकर आए। ओलंपिक में मेडल जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों के नाम हम उंगलियों पर गिन सकते हैं।

ओलंपिक में शामिल कई खेलों में तो भारत क्वालीफाई तक नहीं कर पा रहा या कई खेल हमारे यहां खेले ही नहीं जा रहे।

टोक्यो ओलंपिक– 2020 में पहली बार हमारी तलवारबाज आनंद सुंदररामन भवानी देवी ने क्वालीफाई किया। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, बॉक्सिंग, शूटिंग, बैडमिंटन, टेनिस में भारतीय खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया है। अभिनव बिंद्रा, नीरज चोपड़ा, साइना नेहवाल, पीवी सिंधु, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, विजेंद्र सिंह, सुशील कुमार, विजय कुमार, मैरीकॉम, मीराबाई चीनू जैसे पदक विजेताओं ने देश में युवाओं को नया प्रोत्साहन दिया है।

एशियन और कॉमनवेल्थ गेम्स में हम जरूर कुछ बेहतर प्रदर्शन करते हैं, पर इन इवेंट्स में खेलों के महारथी देश भाग ही नहीं लेते।

1982 तक नहीं था कोई खेल मंत्रालय

आजादी के बाद खेल न तो सरकार की प्राथमिकता में था और न समाज की। वर्ष 1982 तक भारत सरकार में खेलों को लेकर कोई मंत्रालय या विभाग तक नहीं था। 1982 में नई दिल्ली में जब एशियन गेम्स होने थे, तब पहली बार केंद्र सरकार ने डिपार्टमेंट ऑफ स्पोर्ट्स बनाया। 1985 में इंटरनेशनल यूथ ईयर के समय इसे डिपार्टमेंट ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स कर दिया गया।

आजादी के 53 साल बाद यानी 27 मई 2000 को देश को पहली बार स्वतंत्र खेल मंत्रालय मिल सका। वर्ष 2008 में स्पोर्ट्स और यूथ अफेयर्स को अलग किया गया। वर्तमान में खेल मंत्रालय का 653 करोड़ रुपए का बजट है। सुखद यह है कि वर्तमान में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर और खिलाड़ियों की ट्रेनिंग पर सरकार विशेष रूप से ध्यान दे रही है।

आज विदेशों में कोचिंग के अलावा विदेशी एक्सपर्ट की सहायता लेने में सरकार पीछे नहीं है। टोक्यो ओलंपिक में इसके नतीजे देखने को मिले थे। अच्छी बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलों को लेकर खास दिलचस्पी लेते हैं।खेलों में भारतीय सेना की भूमिका

खेलों में भारतीय सेना की भूमिका भी अहम है। आजादी के बाद यदि कहीं खेलों को लेकर गंभीरता रही है तो वह भारतीय सेना में ही रही है। भारतीय सेना में अपने स्तर पर कई बड़े खिलाड़ी तैयार किए। ओलंपिक पदक विजेता राज्यवर्धन सिंह राठौड़, विजय कुमार, नीरज चोपड़ा ऐसे ही बड़े नाम हैं। हॉकी टीम में सेना के खिलाड़ी शामिल होते रहे हैं।

हॉकी के जादूगर ध्यानचंद सेना में मेजर थे। रेलवे, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया, इंडियन ऑयल जैसे सरकारी विभाग और कई निजी कंपनियां भी खिलाड़ियों को सपोर्ट कर रही हैं। कई राज्य सरकारों ने खिलाड़ियों को तैयार करने का बीड़ा उठाया है।

वैसे, क्रिकेट के बिना भारत में खेलों की कल्पना नहीं की जा सकती। अच्छा और बुरा, दोनों पक्ष क्रिकेट के साथ जुड़े हैं। क्रिकेट के आलोचकों का मत है कि क्रिकेट के कारण भारत में अन्य खेलों को सही प्रोत्साहन नहीं मिला। दुनिया के मुट्ठी भर देशों में ही खेले जाने वाले क्रिकेट में हमने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया।

सरकार ने परोक्ष तो नहीं, लेकिन अपरोक्ष रूप से क्रिकेट का ज्यादा भला किया। देश में आज अन्य खेलों की अपेक्षा क्रिकेट के सर्वाधिक मैदान हैं, जबकि आजाद भारत में 5 ओलंपिक मेडल दिलाने वाली हॉकी के टर्फ मैदान 22–25 ही होंगे। कुछ ऐसी ही स्थिति अन्य खेलों को लेकर भी है।

विडंबना यह है कि भारत आज तक किसी एक खेल को राष्ट्रीय खेल तक घोषित नहीं कर पाया है। वर्ष 2020 में सरकार ने एक आर.टी.आई के जवाब में स्पष्ट किया था कि भारत का कोई आधिकारिक राष्ट्रीय खेल नहीं है।

राष्ट्रीय खेल को लेकर भ्रम की स्थिति

भारत सभी प्रचलित खेलों को बढ़ावा देता है। हद तो यह है कि राष्ट्रीय खेल को लेकर भ्रम की स्थिति जनमानस में भी है। हॉकी को अधिकांश लोग राष्ट्रीय खेल मानते हैं और उसकी दुर्दशा को लेकर सरकार को कोसते हैं। कुछ लोग कबड्डी को राष्ट्रीय खेल मानते हैं। भारतीय नेताओं की अधिक रुचि के चलते कुछ लोग अब क्रिकेट को ही राष्ट्रीय खेल मानने लगे हैं।

बड़ी आबादी के चलते भारत में खेलों को लेकर अपार संभावनाएं हैं। हालांकि, अभी सरकार ने बहुत कम ध्यान इस ओर लगाया है। भविष्य के खिलाड़ियों की पहचान आज भी थोड़ा मुश्किल टास्क है, क्योंकि हमारी शिक्षा प्रणाली में खेल प्राथमिकता में नहीं हैं।

सरकार को स्कूलों में ऐसा सिस्टम विकसित करने की अति आवश्यकता है, जिससे छोटी उम्र में प्रतिभाओं को पहचान कर उचित ट्रेनिंग की व्यवस्था की जा सके। माता–पिता को भी चाहिए कि यदि उनका बच्चा खेलों में रुचि रखता है तो उसे रोके नहीं, आगे बढ़ने दें।

सरकार ओलंपिक जैसा बड़ा स्पोर्ट्स इवेंट देश में कराए, ऐसे आयोजनों से खेल का माहौल बनता है। उम्मीद यही है कि भारत में खेलों का स्वर्णिम युग जल्द आएगा और ओलंपिक मेडल टेली में हमारा तिरंगा चमकेगा।

ये लेखक के अपने विचार है।

## हनुमान जी भक्तों की सभी बाधाएं दूर करते हैं: रंजीत यादव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमती नगर विशालखंड एक गांव डिगडिगा में शिव भोला मंदिर के अध्यक्ष रंजीत यादव ने बताया कि शिव भोला मंदिर प्राचीन मंदिर है जो डेढ़ सौ वर्ष पुराना है भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। मंदिर में गणेश जी, मां दुर्गा, दक्षिण मुखी हनुमान जी ,शनि मंदिर, शिवलिंग की स्थापना, श्रीराम दरबार स्थापित है। मंदिर में 1 महीने से शिवपुराण की कथा हो रही है, भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। शिव भोला मंदिर के अध्यक्ष रंजीत यादव ने बताया कि हनुमान जी भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करते हैं। बिना झाड़–फूंक के हनुमान जी के दरबार में सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। डेढ़ सौ वर्ष से अधिक पुराना मंदिर है। दूरदराज से भक्त आते हैं और मन्नतें



मांगते हैं जो पूरी होती हैं। हनुमान जी भक्तों के संकट दूर करते हैं, इच्छाएं पूर्ण करते हैं।

## कुएं में मिला 12 वर्षीय बालक का शव : 2 अगस्त से घर से लापता था राजन

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : रविवार शाम गांव के बाहर एक कुएं में 12 वर्षीय बालक का शव मिला। वह पिछले 5 दिनों यानी 2 अगस्त को घर से गायब था। परिजनों ने बच्चे के गुम होने की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई थी। बच्चे की मिलने की सूचना प्राप्त होते ही मजनू चौकी प्रभारी मीरपुर गांव पहुंचकर वरिष्ठ अधिकारियों को बच्चे की कुएं में लाश मिलने की सूचना दी लाश मिलने की सूचना प्राप्त होते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी क्षेत्राधिकारी कैंपियरगंज अजय कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक चिलुआताल मीरपुर पहुंच गए पुलिस ने बच्चे के शव को कुएं से बाहर निकाला और मेडिकल कॉलेज से पहुंची फॉरेंसिक टीम व पुलिस ने जांच शुरू कर दी बच्चे के शरीर पर किसी प्रकार का वस्त्र नहीं था परिवार के लोगों ने किसी से दुश्मनी होने से इनकार किया है जबकि पुलिस का कहना है कि कुएं में गिरने से बच्चे की मौत की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।चिलुआताल क्षेत्र के मीरपुर गांव के रहने वाले रामजी मुंबई में रहते हैं उनकी 4 बेटियां हैं। जबकि एक 12 साल का बेटा राजन था। 2 अगस्त को राजन गांव में ब्रह्मभोज कार्यक्रम में सम्मिलित होने गया था वहां से फिर घर नहीं पहुंचा जिसका रविवार को देर रात्रि कुएं में लाश मिली परिवार जनों ने पुलिस को सूचना देकर गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी रविवार को ही बच्चे राजन के पिता रामजी मुंबई से वापस लौटे थे।रविवार की रात अचानक कुएं के पास से बदबू आने लगी तो ग्रामीणों को लगा कि कोई जानवर कुएं में गिरकर मर गया है उन्होंने देखा तो बच्चे का शव कुएं में तैर रहा था। गांव के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को बाहर निकाला तो शव रामजी के बेटे राजन का निकला। लाश पानी में पूरी तरह सड़ चुकी थी जिससे आसपास के इलाके से बदबू आ रही थी। जिस कुएं में बच्चे का शव मिला था, उसमें कटीले झाड़ियां हैं। जबकि कुएं के बगल में पंपिंग सेट का बोर है। ताकि कोई वहां के कुएं के पास भी न जाए। ग्रामीणों को अंदेशा है कि किसी ने बच्चे की हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिया होगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने बताया कि बच्चे की लाश को पुणे से निकालकर पंचनामा कराकर मेडिकल कॉलेज पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा कि बच्चे की मौत किन कारणों से हुई है।

## चाणक्य परिषद पांच स्थानों पर मनाएगा आगामी ग्यारह अगस्त को श्रावणी उपाकर्म :तैयारियां पूरी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की संपन्न बैठक अनंत शिखर गेस्ट हाउस साकेतपुरी देवकाली अयोध्या में आगामी 11 अगस्त को जिले भर में सूर्य कुंड दर्शन नगर डेमवा घाट सोहावल श्री हनुमान मंदिर खपराडीह पराशर ऋषि आश्रम पौसरा मया नंदीग्राम भरतकुंड सहित पांच स्थानों पर श्रावणी उपाकर्म व स्नान धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए एक संयोजक समिति का गठन किया गया।जिसमें दुर्गा प्रसाद तिवारी ऑफत संयोजक राम भरत पांडे लखन धर त्रिपाठी सहसंयोजक सदस्य शिवाकांत तिवारी उमाशंकर तिवारी देवी प्रसाद दुबे अरुण कुमार मिश्र को नामित किया गया है। परिषद की बैठक में तीन बिंदुओं पर लड़ाई लड़ने के लिए परिषद के लोगों से तैयार रहने की अपील की गई है। जिसमें आरक्षण आर्थिक आधार पर सवर्ण आयोग का गठन देश में समान नागरिक संहिता लागू होने के लिए आंदोलन चलाये जाने पर सहमति बनी जिसके लिए पूरे देश के सभी ब्राह्मण संगठनों को आगामी 7 व 8 और 9 अक्टूबर को अयोध्या में एक साथ बैठकर सामूहिक निर्णय लेकर लड़ाई लड़ने पर व सर्वसम्मति से श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट और अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के द्वारा एक कार्यालय का निर्माण अयोध्या में समय से कराने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद तिवारी आफत संचालन राम भरत पांडे ने किया। बैठक के मुख्य अतिथि परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित कृपा निधान तिवारी और विशिष्ट अतिथि श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉक्टर आर डी पाण्डेय रहे। बैठक में परिषद को मजबूती देने के लिए और ब्राह्मण समाज के लोगों के उत्पीड़न के खिलाफ एकजुट होकर मदद करने का आवाहन किया गया। बैठक में बैघ आर पी पांडे राष्ट्रपति से पुरस्कृत दो पूर्व प्राचार्य डॉक्टर शिवकुमार मिश्र, एवं डॉक्टर राम तेज पांडे भानु प्रताप मिश्र, राम सुरेंद्र मिश्रा तारुन अध्यक्ष, पवन पांडे भावापुर, ज्वाला प्रसाद दुबे, विनोद तिवारी ब्लॉक अध्यक्ष बीकापुर, प्रभाकर तिवारी, राम तिलक पांडे, राममूर्ति तिवारी, अवधेश मिश्रा, ब्लॉक तारुन मंत्री, प्रयाग दत्त तिवारी, हरिओम पांडे, कैलाश किशोर मिश्रा, राहुल मिश्रा, संदीप मिश्रा, विश्वनाथ तिवारी, ओम प्रकाश, अरुण मिश्रा राम प्रकाश, चंद्र प्रकाश दुबे, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, सूर्य नारायण दुबे रज्जू, अंजनी तिवारी, विनोद कुमार दूबे, पंडित आशीष मिश्र डॉ ऋषि पांडे , गोपाल तिवारी सहित भारी संख्या में ब्राह्मण मौजूद रहे।

## जिले का नाम रोशन कर रहे हैं मोहम्मद अयान खान और वीर वर्धन : प्रारब्ध ने जीता स्वीमिंग में नेशनल मेडल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)छोटी सी उम्र में जिले से लेकर नेशनल तक अपने जिले और स्कूल का नाम रोशन करने वाले जेबी अकादमी टीम के मोहम्मद अयान खान, वीर वर्धन मिश्र, व प्रारब्ध ने इंदौर में हुई नेशनल फिन स्वीमिंग चौंपियनशिप में दो सिल्वर मेडल जीतकर अकादमी, जिले व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। टीम कोच कौशल ने बताया कि जेबीए टीम ने नेशनल फिन स्विमिंग और अंडरवाटर चौंपियनशिप के मिक्स रिले स्पर्धा में दो सिल्वर मेडल हासिल किया। टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए मोहम्मद अयान खान, वीर वर्धन, व प्रारब्ध ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की। वीर, अयान व प्रारब्ध को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। अयान के पिता सरकारी अधिकारी होने के बावजूद बेटे की स्विमिंग प्रैक्टिस हो या उसका कंपटीशन हर जगह हमेशा समय निकालकर उसका हौसला बढ़ाया जिससे शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल तक पहुंच कर मेडल हासिल किया है स्विमिंग के जानकार बताते हैं यह बच्चा 1 दिन देश का नाम रोशन करेगा नेशनल जीतने वाले सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। बच्चों की इस उपलब्धि से स्कूल प्रबंधक जेबीए की निदेशक मंजुला झुनझुनवाला, उप निदेशक वीके जोशी, प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कुमार , आईटी हेड दीपक शर्मा, आरपी चौबे, आरबी ठाकुर, पीके द्विवेदी, मंजूर खान, सहित अन्य ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## एसडीएम सदर नवीन चंद्र एवं नायब तहसीलदार अमित त्रिपाठी ने बच्चों को काकोरी के विषय में जानकारी दी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। 8 अगस्त काकोरी संग्राम की वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर सेंट जोसेफ ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की राजाजीपुरम सीतापुर रोड एवं रुचि खंड की शाखा के बच्चों ने काकोरी रेलवे स्टेशन, काकोरी शहीद स्मारक, म्यूजियम एवं मंदिर को देखा सैकड़ों बच्चों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को अपनी सच्ची श्रद्धांजलि दी।'बच्चों को चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, राम प्रसाद बिस्मिल, राजेंद्र लाहरी आदि के बलिदानों के बारे में बताया गया एवं अन्य जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व निछावर कर दिया उनको नमन किया'।उक्त अवसर पर उपस्थित एसडीएम सदर नवीन चंद्र एवं नायब तहसीलदार अमित त्रिपाठी जी ने बच्चों को काकोरी के विषय में जानकारी दी। विद्यालय की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती पुष्प लता अग्रवाल ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का प्यारे बच्चों



हृदय से अभिवादन किया।विद्यालय के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल ने जिला प्रशासन को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।आजादी के अमृत महोत्सव को सेंट जोसेफ विद्यालय परिवार अत्यधिक धूमधाम से मना रहा है। 'दिनांक 10 अगस्त प्रातः 8:00 बजे से एक विशाल तिरंगा यात्रा जिसमें हजारों बच्चे और उनके अभिभावक शामिल होंगे विद्यालय की सीतापुर रोड शाखा से निकाली जाएगी।

## अवध कॉलेजिएट की संयुक्त निदेशिका डा० ब्रह्मजोत कौर सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अवध कॉलेजिएट की संयुक्त निर्देशिका डॉ ब्रह्मजोत कौर जयपुर में आयोजित ग्लोबल एजुकेशन फेस्ट में भाग लिया जिसमें देश भर से आए 550 से अधिक शिक्षक सम्मिलित हुए । डॉक्टर ब्रह्मजोत कौर ने एन ई पी 2020 के कार्यान्वयन पर चर्चा की और अपने सुझाव दिए जिसके लिए मालदीव के शिक्षा मंत्री डॉ अब्दुल्ला राशिद अहमद ने उन्हें एवम् विद्यालय अवध कॉलेजिएट को प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। यह अवध कॉलेजिएट के लिए गर्व का विषय है । अवध कॉलेजिएट के प्रबंधक श्री सर्वजीत सिंह एवं निदेशिका जतिंदर वालिया ने उन्हें




उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## मेडिकल कॉलेज में गंभीर रूप से घायल युवती के परिजनों से मिल इलाज के लिया दिया आर्थिक सहयोग

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) थाना महाराजगंज के ग्राम सभा केशवपुर निवासिनी 22 वर्षीय युवती गत दिनों खेतों में चारा काटने गई थी तभी वहां पड़ोसी गांव के कुछ युवक युवती के साथ जोर जबरदस्ती करने लगे तथा लड़की द्वारा जबरदस्त प्रतिरोध करने पर दुराचार में असफल रहने पर युवकों ने उसी की हाशिया छीन कर उसके गले पर जबर्दस्त प्रहार करते हुए लापता हो गए थे चीख पुकार सुनकर दौड़े आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचित किया जिस पर पुलिस ने लड़की को अस्पताल भिजवाया था उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल अयोध्या से उसे ट्रामा सेंटर मेडिकल कॉलेज लखनऊ रिफर कर दिया गया लड़की की हालत आज भी गंभीर बनी हुई है घटना की सूचना मिलते ही अयोध्या जनपद के प्रख्यात समाजसेवी तथा उद्योगपति हरिओम तिवारी ने तुरंत मेडिकल कॉलेज पहुंचकर युवती के पिता से मुलाकात कर उन्हें इलाज के लिए आवश्यक धन उपलब्ध कराया जिस पर लड़की के परिजनों द्वारा बताया गया कि डाक्टरों द्वारा पीड़ित लड़की के उपचार हेतु खून की मांग की गई है ज्ञातव्य हो कि उपचार में कई बोतल खून पीड़ित युवती को अभी तक चढ़ाया जा चुका है फिर फिर भी डॉक्टरों की डिमांड ह परिजनों की परेशानी समझ हरिओम ने खुद अपना खून डोनेट करने का फैसला किया तथा वही ट्रामा सेंटर मेडिकल कॉलेज में खुद का एक यूनिट खून डोनेट करते हुए अपने 2 कर्मचारियों प्रदीप दुबे व संदीप मिश्रा का भी एक एक यूनिट खून निकलवा कर लड़की के परिजनों के हवाले किया तथा कहा कि बिटिया के इलाज में किसी भी तरह की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी ज्ञातव्य हो कि हरिओम तिवारी इससे पहले भी जिले के दर्जनों पीड़ित व्यक्तियों व युवतियों का इलाज में सहयोग कर चुके हैं हरि ओम सामाजिक सरोकारों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले व्यक्ति हैं अब तक वे जनपद अयोध्या के साथ–साथ कई जिले के निर्धन व्यक्तियों के लड़कियों की शादी में व्यापक सहयोग करते हुए समाज में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं तिवारी के इस सहयोग से पीड़ित परिवार के परिजनों ने काफी राहत महसूस की है

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व ने स्वदेशी वैक्सीन बनाकर 200 करोड़ लोगों का कल्याण किया: सौरभ मिश्र

हरदोई ब्यूरो अम्बरीश कुमार सक्सेना :आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कोविड के टीके की बूस्टर डोज का विशेष अभियान का शुभारंभ जिला चिकित्सालय हरदोई में जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा पूरी दुनिया में कोविड–19 महामारी ने त्राहि–त्राहि मचाई, भारत भी अछूता नही रहा परंतु प्रधानमंत्री मोदी के करिश्माई नेतृत्व में भारत ने कई स्वदेशी वैक्सीन बनाकर और देश के लोगों को 200 करोड़ ऊपर वैक्सीन डोज लगाकर बहुत हद तक महामारी से लोगों को बचाया जा सका है अभी भी करोना दुनिया में मौजूद है भारत में भी कम ही सही लेकिन केस आ रहे हैं इसलिए बूस्टर डोज लेना अति आवश्यक है जैसे कोविड वैक्सीनेशन युद्ध स्तर पर किया गया वैसे ही बूस्टर अभियान को भी गंभीरता से चलाना बहुत आवश्यक है।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर के सिंह, डाक्टर अनुज गुप्ता प्रभारी अभियान, राजेश अग्निहोत्री, अजीत उपाध्याय, पंकज सिंह, सुमित त्रिपाठी, अमित त्रिवेदी रानू, रानू गुप्ता, संजय मेहरोत्रा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## दिव्य और भव्य अयोध्या जमीन घोटाले में भाजपा विधायक व महापौर शामिल– पीएल पुनिया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं उ0प्र0 के सहप्रभारी श्री धीरज गुर्जर जी ने राष्ट्रीय लोकदल के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री डा0 मसूद अहमद सहित राष्ट्रीय लोकदल व समाजवादी पार्टी के सैकड़ों समर्थकों को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता दिलायी तथा कांग्रेस पार्टी का गमछा पहनाकर, बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया, पूर्व विधायक श्री सतीश अजमानी, पूर्व मंत्री श्री नकुल दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह, प्रदेश महासचिव दिनेश सिंह, अनिल यादव, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, ललन कुमार, प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय, अंशू अवस्थी, विकास श्रीवास्तव, सचिन रावत, जियाउर्रहमान आदि उपस्थित रहे।उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता श्री कृष्णकांत पाण्डेय ने बताया कि डा0 मसूद अहमद एवं उनके समर्थकों को पार्टी की सदस्यता दिलाने के उपरान्त श्री धीरज गुर्जर ने कहा कि देश व प्रदेश में अब अल्पसंख्यक, दलित समझ चुके हैं कि कांग्रेस ही भाजपा का एकमात्र विकल्प है। डा0 मसूद अहमद और उनके समर्थकों के आने से कांग्रेस को ताकत मिलेगी।उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी चरम पर है, महंगाई ने अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ दिये है लेकिन मोदी सरकार और भाजपा जानबूझकर आमजन की कमरतोड़ रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं ने अच्छे दिनों के लिए भाजपा को वोट किया था लेकिन अब युवा और छात्र पुराने दिनों को याद कर रहें हैं। श्री गुर्जर ने कहा कि भाजपा ने युवाओं, छात्रों और किसानो के साथ धोखा किया है।पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के चंदे में भाजपा नेताओं और संघ से जुड़ें लोगों द्वारा किया घोटाला अभी थमा भी नहीं था कि भाजपा के विधायक, पूर्व विधायक और मेयर तथा अन्य लगभग 40 लोंगो द्वारा दिव्य और भव्य अयोध्या के नाम पर अरबों रूपये कीमत की सरकारी नजूल भूमि पर अवैध तरीके कब्जा कर कॉलोनियां बसाई जा रहीं हैं।डा0 पुनिया ने आगे कहा कि जमथरा घाट से लेकर गोलाघाट तक जिस तरह से सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हुआ है उससे स्पष्ट होता है कि राज्य सरकार भू मफियाओं के साथ खड़ी



है। भाजपा के ही सांसद द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर भ्रष्टाचार की चर्चा की जा रही है। स्पष्ट होता है कि इस सरकार के क्रिया कलापों से भाजपा के नेता भी काफी असन्तुष्ट हैं।प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने बताया कि रालोद के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष पूर्व शिक्षा मंत्री डा0 मसूद अहमद ने कांग्रेस का दामन थामने के उपरान्त सपा, बसपा, और रालोद को बीजेपी की बी टीम बताते हुए जनता के मुद्दों पर जानबूझकर मौन रहने का आरोप लगाया। डा0 मसूद अहमदन ने मुस्लिमों और दलितों से सपा, बसपा की अंधभक्ति छोड़ संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए कांग्रेस से जुड़ने का आवहन किया।डा0 मसूद अहमद ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार और भाजपा आरएसएस की जनविरोधी नीतियों एवं तानाशाही रवैये के खिलाफ पूरे देश में सिर्फ मा0 श्री राहुल गांधी जी और मा0 श्रीमती प्रियंका गांधी जी सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ रहें हैं। अल्पसंख्यकों और दलितों को गुमराह कर वोट लेने वाले छोटे–छोटे क्षेत्रीय दल मौन हैं और बीजेपी के एजेण्डे को आगे बढ़ा रहें हैं। डा0 मसूद अहमद ने कहा कि अखिलेश यादव, मायावती, और जयंत चौधरी ईडी के भय से नहीं बोल रहें हैं और मौन रहकर भाजपा को समर्थन कर रहें हैं।इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री नकुल दुबे ने प्रदेश में किसानों के साथ हो रहे अत्याचार, बेरोजगार नौजवानों, तथा बढ़ती महंगाई पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी, बिस्कुट, ब्रेड में बेतहाशा वृद्धि पर सरकार को घेरा। साथ ही पहली बार अनाज, दूध, दही, पर जीएसटी लगाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।सदस्यता ग्रहण करने वालों में राष्ट्रीय लोकदल के साबिर प्रधान, अंकुर सक्सेना, डा0 बाबू अली, डा0 शिवकुमार, राजा भैया, श्री एहसान आजमी, जवाहर यादव, अफजल खां, शकील अहमद, जावेद खान वारसी सपा नेता, जाहिद खां, प्रो0 आफाक खान प्रमुख रहे।

## भारत विकाश परिषद ने माल्यर्पण कर किया स्वागत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आइडियल होमियोपैथी वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राम नारायण सिंह को बनाये जाने की खुशी में उनके वाजिदपुर आवास पर भारत विकास परिषद व अन्य सामाजिक संस्थाओं ने माल्यार्पण व स्वागत किया। इस अवसर पर डॉक्टर साहब ने कहा कि संस्था को और ऊंचाई पर ले जाने का प्रयास करूंगा समय समय पर संगठन का जो दिशा निर्देश होगा उससे लोगों को अवगत कराते हुए और सामाजिक कार्य करते रहेंगे इस अवसर पर डॉक्टर आलोक सिंह डॉक्टर तुषार सिंह डॉक्टर सुधीर सिंह डॉक्टर संजय यादव व भारत विकास परिषद के नीरज श्रीवास्तव अध्यक्ष अतुल जायसवाल प्रांतीय प्रकल्प प्रमुख अवधेश गिरी दिलीप जायसवाल सचिव अतुल सिंह राहुल पांडे सह सचिव डॉ आशुतोष सिंह संगठन सचिव उपरोक्त कार्यक्रम में उपस्थित जिले के





प्रमुख सम्मानित पत्रकार दीपक श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संघ अजीत सिंह जी न्यूज प्रशांत विक्रम सिंह इंडिया पब्लिक खबर उपस्थित रहे।

## भतीजे के तहरीर पर दो के खिलाफ मारपीट व हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के उमरी गांव में हुई जमीनी विवाद में दो भाइयों के बीच हुए खूनी संघर्ष में एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया ऐसे में घायल अधेड़ को महाराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने जिला अस्पताल ले कर दिया जहां हालत नाजुक होते स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज में भेजा जहां इलाज चल रहा है ऐसे में अधेड़ के भतीजे ने थाने में तहरीर देकर दो लोगों के खिलाफ मारपीट गाली–गलौज वह हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया।थाना मछलीशहर के रामपुर सकरा निवासी राजू पांडे महराजगंज थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि विगत छह अगस्त को हमारे फूफा थाना क्षेत्र के उमरी निवासी कड़े प्रसाद तिवारी को जमीनी विवाद को लेकर उन्हीं के भाई हरिश्चंद्र तिवारी व उनकी पत्नी संगीता गाली गलौज देते हुए लाठी डंडा से मार पीट कर गर्दन पर मारे जिससे काफी चोट लगने के कारण फूफा बेहोश होकर गिर गए बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले आया गया जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया वहां से हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों द्वारा प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल भेजा गया जहां उनका इलाज चल रहा है वही राजीव ने बताया कि हमारे फूफा कड़े प्रसाद घर पर अकेले रहते हैं उनके लड़के सूरत में नौकरी करते हैं घर पर हमारे फूफा के अलावा कोई नहीं रहता है।ऐसे में तहरीर के आधार पर थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि राजू पांडे की तहरीर पर मामले की जांच करते हुए हरिश्चंद्र तिवारी व उनकी पत्नी संगीता पर मारपीट गाली गलौज संबंधित व हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच किया जा रहा है।

## रास्ते के विवाद में समझौते के दौरान दो पक्षों में जमकर मारपीट : तीन महिला सहित तेरह घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक सोनकर बस्ती में रविवार अपराह्न रास्ते के विवाद में दोनों पक्षों में हो रहे समझौते के दौरान मामूली कहासुनी में जमकर मारपीट हो गयीं जिसमें तीन महिला सहित तेरह लोग घायल हो गए।घटना के बाद घायलावस्था में दोनों पक्ष भागकर चंदवक थाने आया।पुलिस घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी बीरीबारी में भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है।पुलिस मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। ज्ञात हो कि सोनकर बस्ती में रास्ते के निर्माण के लिए राम जनम सोनकर व मिठाई सोनकर में क ई दिनों से विवाद चल रहा था। जिसके समाधान के लिए रविवार शाम पंचायत बुलाई गई थीं।दोनों पक्षों में बातचीत चल ही रही थी कि मामूली बात पर दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई जिसमें एक पक्ष से राम जनम सोनकर 60,संतोष 30, रामवृक्ष 35, सितू 21, रमौता 30,नीतू 25 ,रामकृत 32 तथा दूसरे पक्ष से करिया सोनकर 40, मिठाई 35, राजू,नाटे 32, काजू 25,अर्जुन सोनकर 20 बुरी तरह घायल हो गए।घटना के बाद घायलावस्था में दोनों पक्ष थाने आया।पुलिस सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डोभी भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है।यह मामला दो दिन पहले थाने आया था लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

## भारत विकास परिषद ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत विकास परिषद शाखा जौनपुर द्वारा सेवा एव संस्कृति सप्ताह के तृतीय कार्यक्रम में आई एम ए भवन लाइन बाजार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि संगठन मंत्री श्रीमान विक्रांत खंडेलवाल जी ने जौनपुर प्रवास के दूसरे दिन रक्तदान शिविर का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्त का कोई विकल्प नही है भारत विकास परिषद अपने स्थापना कॉल से ही रक्तदान का आयोजन करता रहा है। 1963 में भारत चीन युद्ध के समय घायल हुए सैनिकों को रक्त की आवश्यकता को देखते हुए कुछ समाजसेवियों द्वारा सेवा भाव से लगने के लिए इस संस्था का गठन किया । अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि रक्त की महत्ता को देखते हुए हमें समय समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। रक्तदान शिविर में संस्थाअध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव सचिव दिलीप जायसवाल, कोषाध्यक्ष शरद साहू, पंकज सिंह,



शिव कुमार गुप्ता, शैलेंद्र निषाद, डॉ तुलिका मौर्या, तान्या शाहू, डॉ आशुतोष सिंह, सुजीत गुप्ता,विकास पाठक सहित 14 यूनिट रक्तदान किया गया इस अवसर पर प्रांतीय प्रकल्प प्रमुख अतुल जायसवाल, अवधेश गिरी पूर्व अध्यक्ष भृगुनाथ पाठक, विक्रम गुप्ता,प्रदीप जायसवाल,अतुल सिंह संजय अस्थाना,डॉ गौरव मौर्या,रमेश श्रीवास्तव, अश्वनी जायसवाल सहित संस्था के तमाम सदस्य उपस्थित थे।संचालन सचिव दिलीप जायसवाल ने किया। अंत मे प्रकल्प प्रमुख गणेश साहू एव महेंद्र चौधरी ने रक्तदान करने वालो को फल एव जूस पिलाकर आभार व्यक्त किया।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कस्तूरबा गॉधी आवासीय विद्यालय : बक्शा का किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कस्तूरबा गॉधी आवासीय विद्यालय, बक्शा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मिड डे मिल में बने भोजन को चखकर उसकी गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की और खण्ड शिक्षा अधिकारी बक्शा उदयभान कुशवाहा को निर्देश दिया कि भोजन का मीनू लगवाया जाए और समय समय पर निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता की जांच भी की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विद्यालय से आठवीं कक्षा पास करने के बाद बच्चे किस विद्यालय में पढ़ाई कर रहे हैं इसकी सूचना रखी जाए। उन्होंने विद्यालय को कायाकल्प किये जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि परिसर में बच्चों के लिए हरी सब्जी उगाई जाए और बच्चो के पेयजल की उचित व्यवस्था करने के साथ ही विद्यालय परिसर की साफ–सफाई अवश्य किया जाय। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक कक्षा में जाकर बच्चों से अब तक पढ़ाये गए विषय की जानकारी प्राप्त की और उपस्थित बच्चो से विज्ञान का सवाल पूछा जिसका उत्तर बच्चो के द्वारा दिया गया। जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य से कहा कि बच्चों को प्रैक्टिकल (करके सीखना) के माध्यम से भी पढ़ाया जाए जिससे विद्यार्थी अधिक सीखेगे और सिखाई गई विषयवस्तु लंबे समय तक याद रखी जा सकती है। उन्होंने विद्यालय के अध्यापिका से सिकरारा ताहिरपुर विद्यालय में बने लैब की प्रशंसा की और कहा कि समय निकाल कर बच्चो को लैब अवश्य दिखाये। जिलाधिकारी ने सभी कक्षों पर कक्ष संख्या लिखवाने का निर्देश दिया और उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक कक्षा में टाइम टेबल लगाए जाएं। उन्होंने सभी अध्यापिका को निर्देशित किया कि बच्चों को अच्छी तरह पढ़ाया जाए, शब्द अर्थ पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी महोदय ने कहा की बच्चों को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बारे में बताया जाए। इस अवसर पर जिला समन्वयक एम०डी०एम०, अध्यापिका रीमा यादव, मेनिका यादव, किरन यादव, रुचि श्रीवास्तव, मुख्य रसोईया अमरावती प्रजापति, सहायक रसोईया बीनू सिंह, चपरासी विजय शंकर उपस्थित रहे।

## डॉक्टरों की टीम द्वारा सैकड़ों मरीजों का निशुल्क किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कल्याणी जन सेवा समिति सैदनपुर जौनपुर द्वारा आयोजित स्मृतिशेष धर्मराजी देवी की पुण्यतिथि पर प्रस्तावित स्थल धर्मराजी देवी वृद्धाश्रम एवं अनाथालय स्थल परअनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा सैकड़ों मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉक्टरों की टीम में डॉ गौरव प्रकाश मौर्य, डॉ राजेश कुमार, डॉ ए के कश्यप,डॉ अभिषेक मिश्रा ने मरीजो की जाच की । कंप्यूटर द्वारा छ अस्थमा एवं श्वास के रोगियों की जांच की गई। संजीवनी निदान केंद्र जहांगीराबाद की जांच टीम द्वारा मरीजों के खून की जांच तथा यूरिन व अन्य जांच की गई। समिति की प्रबंधक एवं सचिव श्रीमती जयमाला प्रखर ने छ तथा संस्थापक डॉ नंद कुमार मौर्य ने डॉक्टरों की टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया शिविर में दिलीप शुक्ला ब्यूरो चीफ दैनिक भास्कर , महेंद्र प्रताप चौधरी पत्रकार तेजस टुडे, अशोक कुमार राव, विनय कुमार गुप्ता, विजय कुमार मौर्य, रवि प्रकाश मौर्य एडवोकेट, अरुण कुमार शुक्ला अध्यापक, मोहम्मद अब्बास, रिमझिम मौर्या, डॉ रजी अहमद, सभाजीत यादव, संजय कुमार मौर्य, आशीष कुमार मौर्य, नीरज कुमार मौर्य, राजकुमार सेठ तुषार ज्वेलर्स,श्याम बिहारीआदि लोग उपस्थित रहे

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय विकासखंड बक्शा का किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय विकासखंड बक्शा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से आजादी के अमृत महोत्सव के बारे में पूछा जिस पर कक्षा आठ की छात्रा पायल यादव द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव को किस लिए मनाया जा रहा है इसका उत्तर दिया और कक्षा 6 की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगीत सुनाया गया जिसपर जिलाधिकारी द्वारा प्रसन्नता वक्त किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि विद्यालय परिसर में फर्श पर टाइल्स लगाया जाए और विद्यालय परिसर के अंदर मरम्मत योग्य कमरे की मरम्मत कराते हुए उसे भी प्रयोग में लाया जाए।इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी बक्शा कार्यालय का निरीक्षण किया और वहां पर बन रहे आधार कार्ड कक्ष में जाकर जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि सभी छात्र छात्राओं का आधार कार्ड बना दिया जाए। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी बक्शा उदयभान कुशवाहा, जिला समन्वयक एम०डी०एम० सहित अध्यापिक, अध्यापिका उपस्थित रहे।

## किसान भाइयों के लिए सूचना मक्का फसल को फाल आर्मी वर्म कीट से बचायें

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला कृषि रक्षा अधिकारी के0के0 सिंह ने जनपद के किसान भाइयों को सलाह दी है कि जनपद में खरीफ फसलों में प्रमुख रूप से बोई जाने वाली फसल मक्का तथा अन्य फसलों ज्वार, बाजरा, धान आदि में फाल आर्मी वर्म हानि पहुँचाता है जिसके पहचान, लक्षण तथा रोकथाम का विवरण निम्नवत है। पहचान एवं लक्षण – इस कीट की मादा अधिकतर पत्तियों के निचले हिस्सों या कभी–कभी पत्तियों के उपरी सतह या तनों पर अण्डे देती है जो क्रीमिस से हरे या भूरे रंग के होते है। मादा कई पर्त में अण्डे देने के बाद सफेद झाग से ढक देती है। कीट का लार्वा भूरा या धूसर रंग का होता है जिसके पीठ के नीचे तीन पतली सफेद धारियों और सिर पर एक सफेद रंग का अंग्रेजी शब्द उल्टा वाई दिखता है शरीर के दूसरे अंतिम खण्ड पर वर्गाकार चार बिन्दु दिखाई देते हैं मक्का इस कीट की रूचिकर फसल है। यह कीट फसल की लगभग सभी अवस्थाओं में नुकसान पहुँचाता है। यह मक्का के पत्तों के साथ–साथ बाली को विशेष रूप से प्रभावित करता है। कीट का लार्वा मक्का के छोटे पौधों के डण्ठल आदि के अन्दर घुसकर अपना भोजन प्राप्त करता है। इस कीट के प्रकोप की पहचान फसल की बढ़वार की अवस्था में पत्तियों के बाहरी किनारों पर कीट के मल–मूत्र से पहचाना जा सकता है। इस कीट का मल भूसे के महीन बुरादे जैसा दिखता है। कीट नियंत्रण का उपाय किसान भाई फसल की निगरानी करते हुये निम्नानुसार बचाव और नियंत्रण कार्य करें। रासायनिक नियंत्रण हेतु डाइमेथोएट 30 प्रतिशत ई०सी० 1.500 लीटर अथवा क्लोरेण्ट्रानिलीप्रोल 18.5 प्रतिशत ई०सी० 150 ग्राम अथवा क्लोरपाइरीफॉस 20 प्रतिशत ई०सी० 1.250 लीटर मात्रा को पानी में घोलकर प्रतिहेक्टेयर की दर से छिड़काव करना चाहिये। एन०पी०वी० तथा मेटाराइजियम एनिप्सोली आदि जैविक कीटनाशी रसायनों का समय से प्रयोग अत्यन्त प्रभावशाली है। यांत्रिक विधि के तौर पर सायंकाल ( 7 बजे से 9 बजे तक) 3 से 4 की संख्या में प्रकाश प्रपंच एवम् 6 से 8 की संख्या में बर्ड परचर प्रति एकड़ लगाना चाहिये। अण्ड परजीवी दो से पाँच ट्राइकोगामा कार्ड एवम् टेलीनोमस रेगस का प्रयोग एग लेइंग की अवस्था में करने से इनकी संख्या की बढ़ोत्तरी में रोक लगाई जा सकती है। उपरोक्त के सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतु किसान भाई विकास खण्ड पर कृषि रक्षा इकाई के प्रभारी अथवा जनपद मुख्यालय पर जिला कृषि रक्षा अधिकारी से सम्पर्क करें।

## ड्रग इंस्पेक्टर ने जन औषधि केंद्र पर संदिग्ध दवाओं की सैम्पलिंग की

हरदोई ब्यूरो अम्बरीश कुमार सक्सेना : जिला औषधि निरीक्षक ने सोमवार को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र, शाहाबाद का औचक निरीक्षण करके संदिग्ध दवाओं की सैम्पलिंग की। नगर के मो0 बाजार शम्भा स्थित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का जिला औषधि निरीक्षक स्वगतिका घोष को निरीक्षण के दौरान भारतीय जन औषधि केंद्र की दवाओं के अतिरिक्त अन्य कई कंपनियों की दवाये मौजूद मिली और मेडिकल स्टोर प्रोपराइटर सोनम रस्तोगी के पति दुकान संचालित करते पाए गए।वही मौके पर फार्मासिस्ट भी



अनुपस्थित मिला।फार्मासिस्ट और प्रोपराइटर की गैर–मौजूदगी को लेकर ड्रग इंस्पेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए मेडिकल के नियमो को सही रूप से फॉलो करने की चेतावनी दी अन्यथा अनियमितताओं पर कड़ी कार्रवाही की बात कही।ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि उन्होंने निरीक्षण के दौरान तीन संदिग्ध दवाओं की सैम्पलिंग की है जिसमे से एक दवाई जन औषधि केंद्र के अलावा दो अन्य कंपनियों की दवाओं के भी सैम्पल लिये गये।अन्य कंपनी की दो दवाओं जिनके सैम्पल लिये गए उनके मौके पर बिल नही दिखाये जा सके।बताया गया कि मेडिकल स्टोर पर अन्य कई अनिमितताओं को लेकर सख्त चेतावनी दी गई और नमूनों को जांच के लिये राजकीय जन विश्लेषक को भेजा जायेगा।जांच रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाही की जाएगी।ड्रग इंस्पेक्टर के निरीक्षण की खबर से नगर के अन्य सभी मेडिकल स्टोर के संचालकों में खलबली मच गई और निरीक्षण के उपरांत उनके वापस जाने की खबर से राहत की सांस ली।

## महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाना मुख्य उद्देश्य – प्रीति गुप्ता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सहकार भारती जौनपुर के जिलाध्यक्ष कुंवर प्रदीप सिंह रिंकू के दिशा निर्देशन में चल रहे सदस्यता अभियान को गति देते हुए जिला महिला प्रमुख प्रीति गुप्ता ने जन सम्पर्क अभियान चलाकर लोगो को सहकार भारती के उद्देश्य एवं स्वयं सहायता समूह और सहकारिता के माध्यम से प्रदेश में चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी । प्रीति गुप्ता ने कहा सहकार भारती का मुख्य उद्देश्य जनता कि आर्थिक सेवा द्वारा समाज की आर्थिक उत्थान करने वाली सहकारिता में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर कर उसमें शुद्धता और मजबूती लाना है उसके लिए विविध मोर्चे पर कार्य हो रहा है! महिलाये आर्थिक रूप से मजबूत एवं आत्मनिर्भर हो इसके लिए स्वयं सहायता समूह के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे है उनके द्वारा निर्मित वस्तुओ का विक्रय उचित तरिके से हो इसके लिए प्रयास किया जा रहा है सहकार भारती संगठन में ज्यादा से ज्यादा महिलाओ की सहभागिता हो, महिलाये जुड़े इस निति पर काम किया जा रहा है! यह सदस्यता अभियान सितम्बर माह तक चलाया जायेगा और जो लक्ष्य प्रदेश द्वारा जनपद को मिला है उसे पूर्ण किया जायेगा।आज सहकार भारती की सदस्यता लेने वालो मे प्रमुख रूप से श्रीमती शैलजा जायसवाल, साधना साहू, गुलाब चंद्र जायसवाल, हेमा वाधवा, आर्यन



साहू, दर्पण वाधवा, धर्म सिंह, मनीष श्रीवास्तव, आयुष सिंह, रेनू राय, बबिता गुप्ता, रंजीत अग्रहरि, डाली गुप्ता समेत दर्जनों लोगो ने सदस्यता ग्रहण किये जिला सह महिला प्रमुख रजनी साहू ने सदस्यता ग्रहण करने वालो को धन्यवाद देते हुए निवेदन किया आप सभी मिलकर सहकारिता एवं समाज में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओ की मजबूती के लिए कार्य करे! सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से सरला माहेश्वरी, किरण जायसवाल, मोहनी चौरसिया दीप्ती यादव उपस्थिति रही।

## कामनवेल्थ गेम मे रोहित पदक से चूका : मिला छठा स्थान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नीरज चोपडा की गैर मौजूदगी मे वर्मिघम मे खेले जा रहे कामनवेल्थ गेम खेल रहे भाला फेंक प्रतियोगिता मे जौनपुर के यूपी के रोहित यादव को छठवां तो तमिलनाडु के डीपी मनु को पांचवा स्थान मिला है फिलहाल दोनो पदक से चूक गये लेकिन दोनो ने अपने प्रदर्शन को सुधारा है । बता दे यूपी के जौनपुर का रोहित यादव विश्व एथलेटिक्स चौम्पियनशिप मे 11वां स्थान हासिल किया था उससे इस बार पदक की उम्मीद थी महज 21 साल के रोहित यादव के प्रदर्शन से परिजन सहित ग्रामीण खुश है उनका कहना है रोहित का भविष्य बेहतर है वर्मिघम मे खेले जा रहे कामनवेल्थ गेम मे नीरज चोपडा के चोटिल हो जाने के बाद भारत को रोहित यादव से काफी उम्मीद थी लेकिन इस प्रतियोगिता मे रोहित यादव ने 82.22 मीटर भाला फेंक कर छठवा तो तमिलनाडु का डीपी मनु ने 82.28 मीटर फाला फेंक कर पांचवा स्थान हासिल किया। पाकिस्तान ने स्वर्ण पदक जीता है । प्रतियोगिता मे कमेन्ट्री कर रहे कमेन्ट्रेटर की टीम ने दोनो खिलाडियों के प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त किया उनका कहना था की महज 21साल के लडको ने अच्छा प्रदर्शन किया है जबकी उनसे कही ज्यादा उम्र व ताकत वर खिलाड़ी पीछे रह गये भविष्य मे इनमे पदक जीतने की संभावना है।




यूपी के जौनपुर निवासी रोहित यादव के कामनवेल्थ गेम मे पदक नही जीत पाने पर परिवार वाले जरा भी निराश नही है पिता सभा जीत यादव का कहना है की रोहित का प्रदर्शन बढिया हुआ है उसका थ्रो भी बढिया लग रहा था ऐसे मेहनत करता रहेगा तो एक दिन देश के लिए पदक जरुर जीतेगा। उसके प्रदर्शन से खुशी है। भाई राहुल यादव कहना है की बडी प्रतियोगिता मे खेलने से अपने प्रदर्शन को और सुधारने का मौका मिलेगा तथा कम्पटीशन की भावना और बढेगी जिससे भविष्य मे मैडल जरुर जीतेगा।

## जेसीआई जौनपुर ने आयोजित किया भव्य सावन उत्सव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर की अग्रणी संस्था जेसीआई जौनपुर के अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में टीडीएमसी विद्यालय पर इस पवित्र सावन मास में भव्य सावनी भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थाध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय, चेयरपर्सन जेसीरेट कंचन पाण्डेय व कार्यक्रम निर्देशक प्रदीप सिंह, नीतू सिंह ने भगवान शंकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इसके पश्चात शचि श्रीवास्तव ने सत्यम शिवम सुन्दरम गाने पर नृत्य करके प्रभु की स्तुति की और नीलम जायसवाल, शिवानी चौरसिया, जूही बरनवाल ने भी संगीतमय प्रस्तुतियां दी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद के वरिष्ठ चिकित्सक हृदय एवं डायबिटिज रोग विशेषज्ञ डा. वीएस उपाध्याय तथा निर्णायक की भूमिका में लायनेस क्लब की पूर्व डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन ममता उपाध्याय रहीं, जिनके द्वारा सभी पूर्व अध्यक्षों के साथ इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया। मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार डा. शिल्पी सिंह, द्वितीय पुरस्कार आकांक्षा द्विवेदी तथा तृतीय पुरस्कार मीनू श्रीवास्तव को प्राप्त हुआ। बच्चों के बैलून गेम में प्रथम पुरस्कार अंजली जायसवाल, द्वितीय पुरस्कार सम्मिलित रूप से शौर्य पाण्डेय, माही सीकरी, महक मौर्या को प्राप्त हुआ। बच्चों के दूसरे गेम में प्रथम पुरस्कार लक्ष्य जायसवाल, द्वितीय पुरस्कार अंजली जायसवाल तथा तृतीय पुरस्कार सृजा सिंह माही को मिला। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह संगठन व्यक्ति को जीवन में बहुत कुछ सीखने का एक बड़ा आधार है और यहां से निकले लीडर आने वाले समय में एक बड़े समाज का नेतृत्व कर सकते हैं। निर्णायक ममता उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में संस्था के सभी सदस्योंऔर महिलाओं को इस भव्य कार्यक्रम की ढेर सारी बधाईयां दी। पूर्व मण्डलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने इस आनन्दपूर्ण सावन उत्सव आयोजन के लिये डा. संदीप पाण्डेय और पूरी टीम की सराहना की। पूर्व मण्डलाध्यक्ष आलोक सेठ ने बताया कि जेसीआई विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करके सदस्यों का व्यक्तित्व विकास करती है। इस कार्यक्रम में उपस्थित मण्डल उपाध्यक्ष अविनाश जायसवाल ने कहा कि जेसीआई जौनपुर अपने प्रयत्न से निरन्तर विकास की ओर अग्रसर है। साथ ही साथ संस्था के सदस्य आरिफ अंसारी को क्विज प्रतियोगिता में विजेता बनने पर माला पहनाकर बधाई दी। मण्डल उपाध्यक्ष गौरव सेठ ने सभी सदस्यों की भरपूर उपस्थिति पर बधाई दी। कार्यक्रम के अन्त में अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय ने सभी पूर्व अध्यक्ष तथा सदस्यों के साथ मिलकर निर्णायक व मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस कार्यक्रम में मण्डल अधिकारी धर्मेन्द्र सेठ, पूर्व अध्यक्ष रत्नेश गुप्ता, शशांक सिंह रानू, केके जायसवाल, आशुतोष जायसवाल, सर्वेश जायसवाल, दिलीप सिंह, सत्य प्रकाश जायसवाल, डा. प्रशान्त द्विवेदी, कृष्ण गोपाल, रमेश श्रीवास्तव, राजकुमार जायसवाल, डा. आनन्द प्रकाश, सौरभ बरनवाल, मनीष मौर्य, संदीप सेठी, दिलीप जायसवाल, अतुल जायसवाल, आकाश केसरवानी, हाफिज शाह, संतोष मेडिकल, रंजीत सिंह सोनू, रतन सीकरी, शिवेन्द्र सेठ, रितुल पाठक, मनीष चौरसिया, सोनी जायसवाल, अनीता सेठ, नीतू गुप्ता, पूनम जायसवाल, प्रीति जायसवाल, बबिता जायसवाल, वंशिका मौर्या, आरती जायसवाल, वन्दना सेठी, जूही बरनवाल, पूनम श्रीवास्तव, मेनका सीकरी, शिवानी चौरसिया आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का सफल संचालन नीरज श्रीवास्तव ने किया तथा कार्यक्रम निर्देशक प्रदीप सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मकान का ताला तोडकर किराए पर देने वाला गैंगेस्टर व उसका पिता अरेस्ट

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : खोराबार पुलिस ने सोमवार को गैंगेस्टर एक्ट के तहत जब्त किए गए मकान का ताला तोडकर उसे एक कंपनी को किराए पर देने के आरोपी गैंगेस्टर राजेश निषाद व उसके पिता मोतीचंद्र को अरेस्ट कर लिया। पुलिस ने दोनों को मुखबिर की सूचना पर जंगल सिकरी देवरिया बाईपास तिराहे से पकड़ा। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया।एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि सिकटौर करमहिया निवासी राजेश निषाद की पत्नी मंजू देवी गांव की निर्वतमान प्रधान हैं। राजेश अपने तीन मंजिला मकान में नकली शराब बनवाता था। जिसके बाद वर्ष 2018 में मुकदमा दर्ज हुआ था। साथ ही राजेश, उसके पिता मोतीचंद, भाई जयहिंद के खिलाफ गैगेस्टर की कार्रवाई हुई थी। 18 अगस्त 2020 को उसके तीन मंजिला मकान को जब्त कर ताला लगाकर सील किया था। वर्ष 2021 में डीएम कोर्ट में झूठा शपथ पत्र देने के आरोप में राजेश को धोखाधड़ी क ा मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया था। जेल से छूटने के बाद करीब एक साल पहले उसने जब्त मकान का ताला जबरन तोड़ दिया और मकान में रहने लगा। इस बीच दो माह से मकान में निर्माण होता देख जब स्थानीय पुलिस जांच करने पहुंची तो उसने बताया कि उसके पास कमिश्नर कोर्ट का आदेश है। दो महीने से वह पुलिस को कागजात नहीं दिखा रहा था। इधर एक तारिख से उसने ग्यारह माह का एग्रीमेंट कर एक प्राइवेट कंपनी जो गैस पाइप लाइन का काम कर रही है उसे किराए पर दे दिया। तभी से कंपनी ने उस मकान में अपने करीब 80 कर्मचारियों को रखा था और अपना आफिस बना रखा था। कंपनी से राजेश ने अपने खाते में एडवांस भी लिया है। अब मामला सामने आने के बाद कंपनी मकान खाली कर रही है।उधर एसपी सिटी ने बताया कि राजेश के उस खाते को भी सीज किया जाएगा जिसमें उसने कंपनी से पैसे मंगाए हैं। पुलिस ने इस मामले में हल्का नंबर तीन के दरोगा रिजवान अहमद की तहरीर पर राजेश व उसके पिता मोतीचंद पर डीएम कोर्ट के आदेश की अवहेलता करने, जालसाजी, बिना अनुमति गृअतिचार, सार्वजनिक संपत्ति नुकसान अधिनियम के के तहत केस दर्ज किया है। एसपी सिटी ने बताया कि राजेश पर कुल 14 मुकदमे व उसके पिता पर तीन मुकदमे दर्ज हैं। वहीं पुलिस राजेश की हिस्ट्रीशीट भी खोलने की तैयारी कर रही है।

# केंद्रीय कृषि मंत्री से हुई नियुक्तियों में अनियमितता की शिकायत : केंद्रीय कृषि मंत्री ने दिए जांच के आदेश

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में कुलपति द्वारा हाल ही में की गई नियुक्तियों का मामला भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री के दरबार जा पहुंचा है। केंद्रीय कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्री भारत सरकार नरेंद्र सिंह तोमर ने प्रकरण में जांच के आदेश दे दिए हैं।कृषि मंत्री के आदेश के क्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि विस्तार संभाग कृषि अनुसंधान भवन पूसा नई दिल्ली के अपर सचिव कृषि विस्तार बलराज सिंह ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि तकनीकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जीटी रोड रावतपुर कानपुर को प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं। मामले की जानकारी के बाद कृषि विश्वविद्यालय में हड़कंप मच गया है। रतनदीप मोटर्स सुल्तानपुर के प्रोपराइटर दीपक जैन ने केंद्रीय कृषि एवं कषि कल्याण मंत्री भारत सरकार नरेंद्र सिंह तोमर को संबोधित शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह द्वारा अभी हाल ही में बड़े पैमाने पर नियुक्ति की है। जिसमें जबरदस्त धांधली भी की गई है। शिकायतकर्ता श्री जैन ने शिकायती पत्र में लिखा है कि मेरे गृह जनपद सुल्तानपुर एवं आसपास के जनपदों के कई लड़के और लड़कियां जो कृषि अभियंत्रण गृह विज्ञान व मछली पालन में कुमारगंज अयोध्या विश्वविद्यालय से ही पड़े हैं उनको नजरअंदाज करते हुए नए एवं अनुभवहीन ग्रामीण पृष्ठभूमि से दूर के लड़के एवं लड़कियों की नियुक्तियां कर दी गई है। यही नहीं कुलपति ने विश्वविद्यालय में कार्यरत रहे अथवा कार्यरत लोगों के अभ्यर्थियों कीी नियुक्ति अभी हाल ही में विषय वस्तु विशेषज्ञों के पद पर की है। जिनमें सेवानिवृत्त कनिष्ठ लिपिक कैसियर कुलसचिव कार्यालय पूरनमासी का पुत्र, कनिष्ठ लिपिक छात्र अधिष्ठाता कार्यालय शीपचंद का पुत्र, सह प्राध्यापक कुलसचिव डॉ डीके द्विवेदी की पुत्री, वरिष्ठ्ठ शोध सहायक योग सहायक प्राध्यापक डॉ राजकुमार पाठक का पुत्र, सेवानिवृत्त फार्म मैनेजर डॉ मनोज कुमार सिंह का पुत्र एवं सेवानिवृत्त कार्यालय अधीक्षक सत्यनाम सिंह के पुत्र रूपेश सिंह भी शामिल है। और तो और रूपेश सिंह की नियुक्ति ईडब्ल्यूएस कोटे में आरक्षण का लाभ देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा जौनपुर में विषय वस्तु विशेषज्ञ पद पर कर दी गई है जिसमें राज्य सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लिए बनाए गए नियमों का पाालन नहीं किया गया है शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सत्यनाम सिंह 66 सौ ग्रेड पे पाकर सेवानिवृत्त हुए हैं। यही नहीं उक्त अभ्यर्थी रूपेश सिंह के सेवानिवृत्त पिता 45 हजार रुपए पेंशन एवं महंगाई राहत प्राप्त कर रहे हैं और वह आयकर दाता भी हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि स्क्रीनिंग कमेटी ने अपने दायित्व सम्यक निर्वहन नहीं किया है। शिकायतकर्ता दीपक जैन ने केंद्रीय कृषि मंत्री से किसी जांच एजेंसी स गोपनीय जांच कराते हुए नियुक्तियों को निरस्त करते हुए कुलपति कुलपति को जिम्मेदार माने जाने की मांग की है। मामले में जांच के आदेश दिए जाने के बाद निदेशक डॉ यू एस गौतम ने महानिदेशक उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद कृषि मंडी भवन विभूति खंड गोमती नगर लखनऊ एवं विश्वविद्यालय के कुलपति को भी प्रकरण में पत्र भेज दिया है। उधर विश्वविद्यालय में बड पैमाने पर हुई नियुक्तियों में धांधली की शिकायतों के बावजूद भी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह अपने चंद दिनों के अवशेष कार्यकाल में तीसरी बार फिर से बड़े पैमाने पर विश्वविद्यालय में विभिन्न पदों हेतु नियुक्तियों को लेकर प्रक्रिया आरंभ कर चुके हैं। फिलहाल यदि नियुक्तियों में हुई धांधली की शिकायत की जांच पूरी होने तक पुनः नियुक्ति को लेकर रोक न लगाई गई तब अनगिनत होनहार प्रतिभावान अभ्यर्थी चयनित होने से वंचित रह जाएंगे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार पिता की मौत तथा दो पुत्रियां गंभीर रूप से घायल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के बीकापुर क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई तथा उसकी दो पुत्रियां गंभीर रूप से घायल हो गई।इस हादसे के बाद सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सक ने हालत चिंताजनक देख तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां पर इलाज के दौरान बाइक चालक की मौत हो गई। तथा गंभीर रूप से घायल दोनों पुत्रियों को चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर किया है।प्राप्त विवरण के अनुसार करौंदिया थाना कोतवाली नगर जनपद सुल्तानपुर के रहने वाले 35 वर्षीय रिंकू सोनकर अपनी पुत्री इच्छा 14 वर्ष तथा महक 4 वर्ष के साथ अयोध्या जा रहे थे ।वेअयोध्या जनपद की सीमा के अंदर घुसे और चौरे बाजार पहुंचे तभी एक ट्रक की चपेट में आकर बाइक पर सवार सभी लोग अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय लोगों की मदद से चौरे बाजार चौकी पुलिस



द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर लाया गया। जहां पर तैनात चिकित्सक में गंभीर रूप से घायल तीनों का प्राथमिक उपचार करने के बाद गहन चिकित्सा इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान रिंकू सोनकर की मौत हो गई। तथा उनकी दोनों पुत्रियों इच्छा तथा महक को मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर किया गया। इधर मौत की सूचना मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए और मृतक के घर परिवार में कोहराम मच गया। चौरे बाजार पुलिस चौकी द्वारा दुर्घटना करने वाली ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

# डॉ अरविंद का भारत सरकार के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक पद पर हुआ चयन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज के पूर्व छात्र डॉ अरविंद श्रीवास्तव का चयन भारत सरकार पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय अंतर्गत भारत मौसम विभाग नई दिल्ली में वरिष्ठ वैज्ञानिक पद पर हो गया है। छात्र डॉ अरविंद श्रीवास्तव का चयन भारत सरकार के मौसम वैज्ञानिक पद पर हो जाने की सूचना मिलते ही विश्वविद्यालय के शिक्षकों सहित साथी छात्र–छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। डॉ अरविंद श्रीवास्तव ने कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज से कृषि मौसम विज्ञान विषय में एमएससी तथा पीएचडी की उपाधि ग्रहण की थी वर्ष 2008 में धान की फसल पर सूखे का प्रभाव अध्ययन विषय पर शोध के लिए कृषि मौसम विज्ञान की सर्वोच्च संस्था एसोसिएशन आफ एग्रोमेटोरोलॉजिस्ट द्वारा हैदराबाद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में अखिल भारतीय स्तर पर उन्हें बेस्ट अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। डॉ अरविंद श्रीवास्तव वर्ष 2016 से अखिल भारतीय स्तर पर सातवें रैंक धारित करने वाले देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में शुमार आईआईटी रुड़की के जल संसाधन विकास एवं प्रबंधन विभाग में संचालित भारत मौसम विभाग नई दिल्ली की अति महत्वाकांक्षी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा परियोजना में कृषि मौसम परियोजना वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत हैं। डॉक्टर श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें जहां एक और भारत सरकार पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत भारत मौसम विभाग नई दिल्ली मुख्यालय में वैज्ञानिक के पद पर चयनित होने से पूरे देश के किसानों की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है वहीं दूसरी ओर कृषि क्षेत्र में मौसम सेवाओं की उपयोगिता को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में सार्थक पहल की जिम्मेदारी का भी उन्हें बखूबी एहसास है। उन्होंने कहा कि उनका पूरा प्रयास होगा कि मौसम के क्षेत्र में देश के किसानों की वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शोध की दिशा तय की जाए जिससे आने वाले समय में मौजूदा चुनौतियों से पार पाया जा सके।

# स्पा सेंटर व सैलून की आड़ में चल रहा था देह व्यापार का धंधा : 9 युवक–युवतियां गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले में कोतवाली अयोध्या क्षेत्र में संघा कोल्ड स्टोर के समीप संचालित स्पा सेंटर एंड सैलून पर मारे गए छापे का खुलासा अयोध्या कोतवाली पुलिस ने रविवार को किया है।सेंटर में लम्बे अर्से से चल रहे देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने चार युवकों समेत पांच युवतियों को गिरफ्तार किया है। सभी के विरुद्ध अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।अयोध्या कोतवाली पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर एक मैसेज वायरल हुआ था, जिसमें शंकरगढ़ स्थित राधा कोल्ड स्टोरेज के सामने बेसमेंट में लाइफ लाइन स्पा एंड सैलून की आड़ में जिस्मफरोशी का धंधा चलने की सूचना थी। इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी प्रशांत वर्मा के निर्देश पर सीओ डॉ. राजेश तिवारी के मार्गदर्शन में शनिवार देर शाम छापेमारी की गई। पुलिस ने बताया कि छापेमारी के दौरान मौके से आपत्तिजनक चीजें और चार युवकों व पांच युवतियों को पकड़ा गया।गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अमन मौर्या निवासी राठ हवेली, सुनील कुमार मिश्रा निवासी पुरेवैसिंह थाना बल्दीराय, सुल्तानपुर, अनिल कुमार निवासी पूरेराम बक्श और जेरी निवासी तामी नगर फेज 4 शेट्टी फ्लोर मिल के पीछे चरगांवा थाना को शाहपुर गोरखपुर शामिल हैं। इसके अलावा पांच युवतियों को भी गिरफ्तार किया गया है।पुलिस टीम में अश्विनी कुमार पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## महिला ने अपने पति को मुखाग्नि देकर पेश की नई मिशाल : नारी सशक्तिकरण का बना एक उदाहरण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)पूराकलन्दर थाना क्षेत्र के शिवदासपुर गाँव में एक पत्नी ने पति के मौत पर भरतकुण्ड स्थित शमशान घाट पर जाकर पति को मुखाग्नि देकर एक नई मिशाल पेश की नारी सशक्तिकरण में यह एक नया अध्याय जुड़ गया जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है शिवदासपुर गाँव में राम निहाल उर्फ अनिल कुमार उर्फ बिगाडू कोरी 50 वर्षीय पुत्र राम लगन की असमायिक मौत हो गयी इनके एकलौती पुत्री थी जिसकी शादी कर दिया तो अपने ससुराल चली गयी इनके पिता के बड़े भाई राम लखन कोरी अलग रहते है अनिल कुमार की मौत के बाद उसका शव लेकर भरतकुण्ड पहुंचे जंहा पत्नी मालती देवी भी साथ गयी और पूरानी प्रथाओं को दरकिनार करते हुए पति को मुखाग्नि देने के लिए आगे आयी और हिन्दू रीति–रिवाज के अनुसार पति को मुखाग्नि दी मुखाग्नि देने के लिए जब उसने पहल किया तो वंहा पर मौजूद लोग सोचने के लिए मजबूर हो गए और लोग दंग रह गए कि महिला में किस तरह हिम्मत जगी है मालती देवी ने पति को मुखाग्नि देने के बाद कहा कि जितने क्रिया कर्म होंगे वह उसको स्वय करेगी महिला के इस साहसिक कदम को लेकर क्षेत्र और गाँव में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग महिला की हिम्मत की दाद दे रहे है ।

## प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में कांवरियों व शिवभक्तों की भारी संख्या

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)इस समय सावन माह में जहां एक ओर प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में कांवरियों व शिवभक्तों की भारी संख्या में भीड़ दिखाई दे रही थी वही इसी कड़ी में बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक ज्योतिर्लिंग काशी विश्वनाथ मंदिर पर कांवरियों व शिवभक्तों की भारी संख्या में भीड़ दिखाई दे रही थी।आइये हम बात करते हैं सबसे पहले भोले बाबा की नगरी काशी विश्वनाथ जी की। वास्तव में इस समय बम बम बोल रहा है काशी।शिव भजन व डमरू के साथ साथ घंटा घड़ियालों की ध्वनि से पूरा काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर के साथ साथ पूरा काशी भक्तिमय हो गया। वही सावन सोमवार होने के चलते काशी विश्वनाथ व पूरी काशी में शिव भक्तों व कांवड़ियों की भीड़ भारी संख्या में दिखाई दे रही थी।जिसको संभालने के लिए सुरक्षा कर्मियों को भी अच्छी तरह से पसीना बहाते देखा गया। देश की उपासना हिंदी समाचार पत्र व एनबीसी चौनल अयोध्या ब्यूरो चीफ राजेश श्रीवास्तव ने काशी में चौथे सावन सोमवार से एक दिन पहले रविवार को काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी में देखा कि वहां पर ही नहीं पूरे काशी,सभी घाटों व रेलवे व बस स्टेशन पर शिवभक्त व कांवड़िया





नजर आ रहे थे।कुल मिलाकर पूरी काशी भगवा मय हो गई थी। ठीक यही दशा राम नगरी अयोध्या में दिखाई दे रही थी।चारो तरफ शिवभक्तों व कांवड़ियों की ही भीड़ अयोध्या के नागेश्वरनाथ मंदिर समेत सरयू नदी व अन्य सभी मंदिरों पर दिखाई दे रही थी। इसके अलावा इन भक्तों की भीड़ रेलवे स्टेशन व बस स्टेशन पर भी दिखी। वही इस मौके पर सुरक्षा की कमान खुद जिलाधिकारी नितीश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के अलावा एसपी सिटी विजय पाल सिंह,सीओ अयोध्याध्यातायात प्रभारी डाक्टर राजेश तिवारी सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी व कर्मी संभाले हुए थे।

# 14 अगस्त को मण्डल के सभी जिलो में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जायेगा–मण्डलायुक्त

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा ने मण्डल के सभी जिलाधिकारियों से कहा कि 14 अगस्त को मण्डल के सभी जिलो में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जायेगा, इसके लिए तैयारी पूरी कर लें। उन्होंने बताया कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाना है, जिसके लिए पूरी तैयारी समय से कर लिया जाय। उन्होंने कहा कि मण्डल के स्कूल, कालेज तथा महाविद्यालयों में 11 अगस्त से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जाय और इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का प्रयास किया जाय तथा स्वतंत्रता सेनानियों के इतिहास के बारे में जानकारी दी जाय। उन्होंने बताया कि स्वतन्त्रता सप्ताह की अवधि में हर सरकारी कार्यालय और शहीद स्मारक पर तिरंगे की आकर्षक लाइटिंग हों। इसी प्रकार प्रत्येक दिन के कार्यक्रम निधारित किए जाएं। ग्राम सचिवालयों का शहीदों व स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के नाम पर नामकरण किया जाए। स्वतन्त्रता सप्ताह की अवधि में हर शहीद स्मारक पर प्रत्येक दिन कम से कम आधा घण्टा पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रभक्ति गीतों का वादन हो। स्वतन्त्रता दिवस के दिन शहीदोंध्स्वतन्त्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया जाए। 'हर घर तिरंगा' महायोजन से आमजन को जोड़ने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। युवक मंगल दलों सहित स्वयंसेवा समूहों के माध्यम से तिरंगा स्वयंसेवक बनाए जाएंरू प्रत्येक तिरंगा स्वयंसेवक कम से कम 05 घरों को तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करें। इस आयोजन के प्रचार–प्रसार के लिए एनसीसी व एनएसएस तथा अन्य स्वयंसेवी संगठनों द्वारा तिरंगा यात्राएं निकाली जाएं। लोगों को झण्डे आसानी से उपलब्ध कराने के लिए राशन की दुकानों, ग्राम पंचायत भवनों, जनसेवा केंद्रों, तहसील, ब्लॉक मुख्यालयों, प्राथमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और पेट्रोल पम्प, एलपीजी सैन्टरों, जिलों के विकास भवन, नगर निगम, नगर पालिका, अर्बन लोकल बॉडी, इडा. विकास प्राधिकरण, सिविल डिफेन्स, रेजिडेन्ट वेलफेयर सोसाइटी, निगम पार्षद, बीट कॉन्स्टेबल, शिक्षामित्र के माध्यम से भी घरों में झण्डा का वितरण कराया जाए। प्रिन्ट इलैक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया, आकाशवाणी, दूरदर्शन के माध्यम से, स्वास्थ्य केन्द्रों, स्कूलों, उचित दर की दुकानों, पुलिस थानों, कम्युनिटी रेडियो आदि के माध्यम से लोगों को कार्यक्रम की जानकारी दी जाए। वरिष्ठ साहित्यकारों, लेखकों, गीतकारों को आजादी की लड़ाई. तिरंगा की यात्रा के बारे में लेख लिखने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। सरकारी कार्यालयों पर खादी निर्मित राष्ट्रध्वज ही फहराए जाने चाहिए।

### अपना दल (एस ) इकाई अयोध्या की मासिक बैठक के दौरान राज्य की तीसरी बड़ी पार्टी बनने पर मनाया गया जश्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपदीय पार्टी कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर अयोध्या पर अपना दल एस इकाई अयोध्या के समस्त सम्मानित पदाधिकारी गण एवम कार्यकर्ता गण द्वारा मासिक बैठक में शामिल हुए जिसकी अधक्ष्यता निवर्तमान जिला अधक्ष्य कृष्ण देव वर्मा,''गवास'' एवम संचालन प्रदेश सचिव सहकारिता मंच वंशराज पटेल जी ने किया। बैठक में सम्मानित पदाधिकारी गण ने अपने अपने स्तर से पार्टी संबंधित विचारो को रखा साथ ही पार्टी की मजबूती के प्रतिफल स्वरूप बताया गया की निरंतर सामाजिक न्याय के मुद्दों को उठाने वाले और सामाजिक न्याय की विचारधारा को धरातल पर क्रियान्वित करवाने और सभी वर्गों की उचित भागीदारी हेतु संघर्षरत समस्त कमेरों के मसीहा यशःकायी डॉ सोनेलाल पटेल जी के अपना दल (एस) को देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की राज्य स्तरीय पार्टी के तौर पर चुनाव आयोग ने मान्यता दे दी है। इस ऐतिहासिक खुशी को समस्त सम्मानित पदाधिकारी गण एवम कार्यकर्ता गण ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशियां मनाई और साथ ही बैठक में उपस्थित समस्त सम्मानित पदाधिकारी गण एवम कार्यकर्ता गण ने इस महान उपलब्धि पर सबसे पहले हम अपने मसीहा यशःकायी डॉ सोनेलाल पटेल जी के चरणों मे श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शत शत नमन करते हैं और अपना दल (एस) अयोध्या परिवार की तरफ से पार्टी शीर्ष नेतृत्व माननीया राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल जी, माननीय कार्यकारी अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल और प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राज कुमार पाल के साथ समस्त कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, समर्थकों तथा शुभचिंतको को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित करते हैंबैठक में जनपद के समस्त सम्मानित पदाधिकारी गण एवम कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त ने कम्पोजिट विद्यालय का किया निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा द्वारा गोद लिये गये कम्पोजिट विद्यालय नन्दीग्राम का आज लगभग 1:30 बजे निरीक्षण किया गया। विद्यालय में एक प्रधानाध्यापक, आठ सहायक अध्यापक, दो शिक्षा मित्र एवं दो अनुदेशक कार्यरत हैं। निरीक्षण के समय सभी उपस्थित पाये गये विद्यालय में कुल नामांकित 352 छात्रध्छात्राओं के सापेक्ष 188 छात्र उपस्थित मिले निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त द्वारा बच्चों के साथ बैडमिन्टन भी खेला गया खेलने के उपरान्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) अयोध्या मण्डल, अयोध्या को निर्देशित किया गया कि विद्यालय परिसर में स्थित भूमि पर दो सप्ताह के अन्दर बैडमिन्टन कोर्ट बनवाना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त द्वारा बच्चों के साथ शतरंज भी खेला गया साथ ही सत्रंज से भिज्ञ अध्यापिका प्रतिभा सिंह द्वारा निर्देशित किया गया कि बच्चों के शतरंज खेलने हेतु प्रोत्साहित करें। मण्डलायुक्त द्वारा कक्षा 6, 7 एवं 8 के छात्राओं द्वारा बनायी गयी राखी की सराहना भी की गयी तथा कक्षा 02 के छात्र आदर्श, लक्ष्मी प्रतिभा पल्वी, प्रदीप से गणित, अंग्रेजी और हिन्दी के विषय से सम्बन्धित प्रश्न किये गये बच्चों द्वारा दिये गये उत्तर पर मण्डलायुक्त द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी। मण्डलायुक्त द्वारा वहां पर उपस्थित सभी छात्रध्छात्राओं, शिक्षकाओं, कर्मचारियों एवं सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) अयोध्या मण्डल, अयोध्या से ताली भी बजवायी गयी. कक्षा 03 के छात्र रितेश, निर्मल, सौम्य, पीयूष, अनामिका से सभी विषय से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गये जिन बच्चों द्वारा संतोषजनक जवाब दिया गया उनकी सराहना भी की गयी और ताली भी बजवायी गयी साथ ही मण्डलायुक्त द्वारा समस्त शैक्षिणक अध्यापकों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि छात्रध्छात्रायें अच्छे है आप लोग इनकी शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास करें। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में स्थित कुएँ को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया गया जिससे बच्चों को कोई दिक्कत का सामना न करना पडे, विद्यालय परिसर में स्थित जालों को भी नियमित साफ करने का निर्देश दिया गया साथ ही विद्यालय परिसर में उगी हुयी घास को भी साफ करने का निर्देश दिया गया, कक्षा 01 से 05 के बच्चों को हाथ धाने हेतु मल्टीपल हैण्डवाश लगा है। जिसमें बेस नही बना है महोदय द्वारा आधार बनाने के लिए निर्देशित किया गया जिससे कि पानी बच्चों के कपड़ों पर न पड़ें। कमिश्नर द्वारा निरीक्षण के दौरान दिव्यांग शैचालय का भी निरीक्षण किया गया। उसकी तत्काल पानी की आपूर्ति हेतु निर्देश दिया गया। मण्डलायुक्त द्वारा विद्यालय के खाद्यान्न के रख–रखाव कक्ष को साफ–सुथरा रखने हेतु निर्देशित किया गया, विद्यालय के मुख्य द्वारा के समतलीकरण का निर्देश दिया गया जिससे विद्यालय परिसर के अन्दर सुचारू रूप से आवागमन हो सके। विद्यालय परिसर में स्थित जीर्णक्षीण कक्ष को ध्वस्तीकरण का निर्देश दिया गया। विद्यालय परिसर मे एन0पी0जी0एल0 परिसर को मरम्मत विद्यालय के हित में प्रयोग करने हेतु निर्देश दिया गया। विद्यालय परिसर के पास विद्यालय की खाली भूमि है मण्डलायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि परिसर का सफाई करते हुए समतलीकरण किया जाए जिससे बच्चों के खेलने का मैदान विकसित किया जा सके। मण्डलायुक्त द्वारा सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) अयोध्या मण्डल अयोध्या को निर्देशित किया गया कि पायी गयी कमियों का दो सप्ताह के अन्दर निराकरण कराना सुनिश्चित करें। अन्त में मण्डलायुक्त द्वारा छात्रध्छात्राओं का मिष्ठान वितरित करते हुए प्रोत्साहित किया गया।

# प्रदेश के लिए नजीर बनी पूरा ब्लाक प्रमुख की पहल प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह ने जताया आभार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जन शिकायतों के सुलभ और समुचित निराकरण को लेकर पूरा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह द्वारा ब्लॉक मुख्यालय पर जनसुनवाई आयोजन की पहल शायद शासन को भी बेहतर लगी है।इस संबंध में शासन की ओर से अब ब्लॉक मुख्यालय पर जनसुनवाई के मकसद से ब्लॉक दिवस के आयोजन की घोषणा की गई है।यह आयोजन प्रत्येक माह के पहले और तीसरे बुधवार को होगा।शासन के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार की ओर से ग्राम में विकास आयुक्त को इस संबंध में निर्देश पत्र भी जारी कर दिया गया हैं जो जिले के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंच गया है।इन निर्देशों के जारी होने के बाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री सिंह ने इसके लिए शासन का आभार जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद कहा है।पूरा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्री सिंह की माने तो उनकी माता पूरा ब्लाक प्रमुख उषा सिंह के कार्यभार ग्रहण करने के बाद जन समस्याओं का निस्तारण एक बड़ी समस्या थी।इन समस्याओं को चुनौती मानते हुए ब्लॉक अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ पहली ही बैठक में ही माह के पहले और तीसरे बुधवार को जनसुनवाई बैठक का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया था।शुरुआती बैठक में कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी जनसुनवाई कार्यक्रम में नदारद रहे लेकिन इसे गंभीरता से लेते हुए प्रतिनिधि श्री सिंह द्वारा उनके अधिकारियों से पत्राचार किए जाने के बाद जनसुनवाई में संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की लगभग शत–प्रतिशत मौजूदगी बन गई।प्रतिनिधि श्री सिंह बताते हैं कि नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के विशेष सहयोग और हमारे इन्हीं अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से अभी तक न केवल ब्लाक मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान बल्कि मौके पर जाकर बड़ी संख्या में जन समस्याओं का निस्तारण कराया जा चुका है।श्री सिंह ने कहा कि हमारे ब्लॉक की पहल को नजीर बनाकर पूरे प्रदेश में माह के पहले और तीसरे बुधवार को ब्लॉक दिवस के रूप में आयोजन की घोषणा हम सभी के लिए हर्ष का विषय है और इसके लिए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी बधाई के पात्र हैं जिन के निर्देशन में शासन की ओर से यह घोषणा की गई है।

# विद्युत करंट की चपेट में आने से महिला की मौत : जानवरों के चारे के लिए घास काटने निकली थी महिला

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)थाना महराजगंज क्षेत्र में घास काटने निकली महिला की विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरा बाजार भिजवाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।घटना रविवार सुबह लगभग 7:30 बजे महराजगंज थाना क्षेत्र के काजीपुर माझा की है। बताया जाता है कि उक्त गांव निवासिनी सुनीता चौहान 35 पुत्री स्वर्गीय रामगति चौहान रविवार की सुबह जानवरों के लिए घास काटने निकली थी। गांव के ही सुभाष चौहान के खेत में पहुंचते ही करंट की चपेट में आ गई।जिससे उसकी मौत हो गयी। थाना प्रभारी महाराजगंज दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि सिंचाई के लिए किसी ने तार बिछाया था,जिससे सुभाष चौहान के खेत में उसे करंट लग गया।महिला की मौत से परिजन सहित पूरे गांव में मातम छा गया।

## विपक्ष का काम लोगों को गुमराह करना है – सिद्धार्थ श्रीवास्तव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)भारतीय जनता पार्टी अयोध्या मंडल के प्रवक्ता सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने कहा कि विपक्ष के पास अब कोई भी मुद्दा नहीं बचा है जन समर्थन खो चुके विपक्ष गैर जरूरी बातों पर ही बयानबाजी कर पा रहे हैं जिनके बहकाने में अब जनता नहीं आने वाली है ।भारतीय जनता पार्टी की सरकार एवं जनपद के चुने गए जनप्रतिनिधि जनता के हित के लिए दिन–रात समर्पित है और जनता के हित का विकास विपक्ष देख कर पचा नहीं पा रहा है जिससे गलत तरीके के चीजों को वायरल किया जा रहा है जिनका सच्चाई से कोई लेना–देना नहीं है। भारतीय जनता पार्टी के लोक कल्याणकारी नीतियों से जनता पूरी तरह से संतुष्ट है और आने वाले हर चुनाव में भारी बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक जनप्रतिनिधि को जनता की सेवा का बार–बार मौका मिलेगा। भारतीय जनता पार्टी जात धर्म से उठकर देश हित राष्ट्र एवं जनहित के लिए समर्पित है।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।